# दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्षः 16 | अंक 339 | सीकर, गुरूवार 05 फरवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


## राजस्थान में तीन बच्चों वाले भी बन सकेंगे सरपंच-प्रधान

### अनपढ़ों के निकाय-पंचायत चुनाव लड़ने पर नहीं लगेगी रोक, सरकार का विधानसभा में जवाब



**जयपुर।** पंचायतीराज संस्थाओं और शहरी निकायों में अनपढ़ों के चुनाव लड़ने पर सरकार रोक नहीं लगाएगी। निकाय और पंचायत चुनाव लड़ने के लिए शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य करने का प्रावधान लागू नहीं होगा। साथ ही 2 से ज्यादा संतान वालों के निकाय और पंचायत चुनाव लड़ने पर लगी रोक हटाने के लिए बिल विधि विभाग में प्रक्रियाधीन है। कांग्रेस विधायक पूसाराम गोदारा के सवाल के जवाब में दोनों मामलों में सरकार ने लिखित जवाब में इसकी जानकारी दी है। सरकार ने पहली बार लिखित में दोनों मुद्दों पर जवाब दिया है। पूसाराम गोदारा ने सवाल किया था कि क्या सरकार नगर निकायों के चुनाव में उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता और संतान संबंधी प्रावधानों में संशोधन करने का विचार रखती है? इस पर सरकार की तरफ से जवाब में लिखा है– सरकार का नगर निकायों के चुनाव में उम्मीदवारों की योग्यता के संबंध में वर्तमान में राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 21 में प्रावधान हैं, जिनमें शैक्षणिक योग्यता के संबंध में कोई नियम नहीं है। शैक्षणिक योग्यता के लिए नियमों में संशोधन किए जाने का वर्तमान में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। 2 से ज्यादा संतान वालों को चुनाव लड़ने की छूट देने वाले प्रावधान के सवाल के जवाब में लिखा है– राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 24 के प्रावधानों में संशोधन के लिए विधि विभाग को फाइल भेजी गई है, जो प्रक्रियाधीन है।

### 30 साल पहले बना था नियम

1994-95 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत की सरकार में राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 बना था। इसके मुताबिक जिन जनप्रतिनिधियों के दो से ज्यादा बच्चे होंगे, वो पंचायत और निकाय चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। इसमें चुनाव जीतने के बाद तीसरा बच्चा पैदा होने पर पद से हटाने का भी प्रावधान किया गया था। तब से अब तक इसमें कोई शिथिलता नहीं दी गई है।

## लोकसभा में पीएम मोदी की स्पीच टली

# भाषण से पहले विपक्षी महिला सांसदों ने प्रधानमंत्री की खाली कुर्सी घेरी, सदन एक दिन के लिए स्थगित

नई दिल्ली।

विपक्षी सांसदों के लगातार हंगामे के चलते बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही 4 बार स्थगित हुई। शाम 5 बजे प्रधानमंत्री धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने वाले थे, लेकिन विपक्ष की महिला सांसदों के हंगामे के चलते स्पीकर संध्या राय ने कार्यवाही कल तक स्थगित कर दी। इससे पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन भी टल गया।

### पीएम की स्पीच से पहले क्या हुआ

शाम 5 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तब विपक्ष की महिला सांसदों ने सत्ताधारी नेताओं की कुर्सियां घेर लीं। इनमें पीएम मोदी की कुर्सी भी थी। महिला सांसदों के हाथ में बड़े बैनर थे, जिन पर लिखा था– जो सही है, वो करो। ये सांसद मंगलवार को हंगामे के बाद 8 विपक्षी सांसदों के निलंबन का विरोध कर रही थीं। हंगामे के चलते स्पीकर ने कार्यवाही स्थगित कर दी। कुछ मंत्रियों ने विपक्षी सांसदों से जाने को कहा, इसके बाद उन्होंने घेराव बंद किया।

### स्पीकर के ऑफिस में बीजेपी और विपक्ष के सांसदों के बीच बहस

इससे पहले लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के ऑफिस में विपक्ष और बीजेपी सांसदों के बीच भी बहस हुई। ऑफिस का जो वीडियो सामने आया है, इसमें विपक्ष की महिला सांसद केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू से कुछ कहती नजर आ रही हैं।

### भाजपा सांसद ने गांधी परिवार पर लिखी किताबें दिखाईं

लोकसभा में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने गांधी परिवार और कांग्रेस पर लिखी किताबें और नोट्स दिखाए। उन्होंने कहा इन किताबों में गांधी परिवार और कांग्रेस परिवार की मक्कारी, गद्दारी, भ्रष्टाचार और



अय्याशी का जिक्र है। निशिकांत की कोट की गई किताबों में एडविना एंड नेहरू, रेमिनिसेंस ऑफ द नेहरू एज, द रेड साड़ी, एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर समेत दूसरी किताबें और नोट्स दिखाए। आज फिर चेयर की तरफ विपक्षी सांसदों ने पेपर उड़ाए।

### पीयूष गोयल बोले- अमेरिका और भारत की ट्रेड डील ऐतिहासिक

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में अमेरिका से टैरिफ डील पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि डील ऐतिहासिक है। भारत के कृषि और खाद्य क्षेत्र का पूरा ध्यान रखा गया है। यह डील भारत के विकास में बेहद फायदेमंद होगी। गोयल के भाषण के दौरान विपक्षी सांसद हंगामा करते रहे। विपक्ष ने 'एलओपी(राहुल गांधी) को बोलने दो', नरेंद्र मोदी–सरेंडर मोदी और 'डरता है डरता है नरेंद्र मोदी डरता है' के नारे लगाए। विपक्ष के हंगामें पर लोकसभा को दोपह 2 बजे तक स्थगित किया गया।

### खड़गे के आरोपों पर नड्डा बोले- ट्रेड डील में किसानों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के आरोपों पर जेपी नड्डा ने राज्यसभा में कहा कि अमेरिका ट्रेड डील में किसानों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, लिखित में कहा जा चुका है। तब भी आप बार बार किसानों के मुद्दे पर सवाल उठा रहे हैं।

### खड़गे बोले- देश में बुलडोजर पॉलिटिक्स हो रही है

देश खतरनाक दौर से गुजर रहा। भारत की पहचान डाइवर्सिटी और थॉट्स की प्रैक्टिस रही है। उत्तराखंड में सद्भावना को मार दिया गया। जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो कैसे सुरक्षा मिलेगी। आपके पास सहिष्णुता नहीं है। आप केवल वोटों के लिए लड़ते हैं। भाजपा के एक सीएम मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाकर बयान दे रहे। ये सीएम हमेशा मुसलमानों के खिलाफ बात करते हैं। देश में सिलेक्टिव टार्गेटिंग और बुलडोजर पॉलिटिक्स का इस्तेमाल हो रहा है। नड्डा जी आपकी मजबूरी है कि मोदी का समर्थन कर रहे हैं। मोदी केरल में चुनाव आने पर चर्च में जाते हैं लेकिन उन पर होने वाले अत्याचार पर खामोश रहते हैं। इसाइयों और मसुलमानों के खिलाफ जहर उगले बिना भाजपा के लोगों को खाना हजम नहीं होता। आपको पावर मिला है उसका ठीक से इस्तेमाल करो देश की छवि को नुकसान पहुंच रहा है।

राष्ट्रपति जिन्होंने गरीब और कमजोर की पीड़ा को खुद देखा है। उनके भाषण में उसका जिक्र नहीं था। पीएम संसद में सवालों से बचते हैं। 16वीं 17वीं लोकसभा में 8123 सवाल पूछे गए। सिर्फ 13 पर जवाब दिया किया। बाकी सब खारिज हो गए। स्टेटहुड पर जम्मू और कश्मीर और लद्दाख पर मेरे सवालों को खारिज कर दिया। उसको हाइपोथेटिकल (काल्पनिक) कहा गया।

सरकार बोलती है सबका साथ सबका विकास लेकिन ये बोलने भर की है। गैर-एनडीए राज्यों में राजभवन में आरएसएस बीजेपी के दफ्तर बन गए हैं। कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल में राज्यपालों ने भाषण पढ़ने से इनकार किया। क्या अध्यक्ष जी आपने कभी इनकार किया। भारत में 1% लोगों के पास 40% संपत्ति है, जबकि 50% आबादी के पास सिर्फ 15% एसेट हैं। गुजरात के सीएम रहते मोदी ने रुपये की गिरावट को मनमोहन जी की उम्र से जोड़ा था, आज रुपया मोदी जी की उम्र भी पार कर चुका है। जब विपक्ष में थे तब भी देश की इज्जत की चिंता नहीं थी। नौजवानों की पीड़ा से सरकार बेपरवाह है। सरकारी 9.7 लाख पद आज भी खाली हैं।

## राजस्थान में फिर छाएंगे बादल, कोहरे का भी अलर्ट कई जिलों में बादल छाने से बदलेगा मौसम

जयपुर।

राजस्थान में वेस्टर्न डिर्स्टबेंस का प्रभाव खत्म होने के साथ ही सर्दी फिर से बढ़ गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने अगले तीन-चार दिन प्रदेश में सर्द हवा, कोहरा और बादल छाने की संभावना जताई है। मंगलवार को जयपुर, सीकर, पिलानी, चूरू समेत कई शहरों में उत्तरी हवा के असर से पारा 4 डिग्री तक गिर गया। शेखावाटी के इलाकों में न्यूनतम तापमान सिंगल डिजिट (10 डिग्री से नीचे) में दर्ज हुआ। जबकि दिन का तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा।

### बादल छाए और कोहरा भी रहा

पिछले 24 घंटे में जोधपुर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, फलोदी, नागौर, सीकर, बीकानेर समेत उत्तर-पश्चिम के जिलों में आसमान में हल्के बादल छाए। इधर जयपुर, कोटा, भरतपुर



के संभाग के जिलों में हल्की धुंध रही। इस कारण मंगलवार को प्रदेश के अधिकांश शहरों में धूप कमजोर रही और तापमान में गिरावट हुई। जयपुर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इससे पहले मंगलवार को राज्य में शेखावाटी के एरिया में सर्द हवा के असर से सुबह-शाम की सर्दी तेज हो गई।

सबसे ज्यादा ठंडा इलाका सीकर, नागौर, फतेहपुर (सीकर), पाली का रहा। इन शहरों में न्यूनतम तापमान 5 से 6 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस नागौर में दर्ज हुआ।

## हाईकोर्ट ने कहा- सजा से पहले सजा न्याय नहीं आरोपी बिना ट्रायल 6 साल से जेल में

जयपुर।

राजस्थान हाईकोर्ट ने बिना सजा के आरोपी को 6 साल से ज्यादा समय तक जेल में रखने पर हैरानी और नाराजगी जताई है। कोर्ट ने इसे स्वतंत्रता के अधिकार का घोर उल्लंखन बताया है। जस्टिस अनिल कुमार उपमन की अदालत ने संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी के तत्कालीन चेयरमैन शैतान सिंह को जमानत देते हुए यह टिप्पणी की।

अदालत ने कहा कि जब न्यायिक प्रक्रिया स्वयं दंडात्मक स्वरूप ले ले, तो यह कानून के शासन के लिए खतरनाक संकेत हैं। आरोपी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव सुराणा ने बहस करते हुए कहा कि आरोपी के खिलाफ जिन धाराओं में चार्जशीट पेश की गई, उसमें अधिकतम 7 साल की सजा का प्रावधान है। वहीं आरोपी पिछले 6 साल 4 महीने से जेल में है।

**मामले में चार्ज भी फ्रेम नहीं हुए**–उन्होंने अदालत को बताया कि आरोपी 20 सितंबर 2019 से जेल में है। आरोपी के खिलाफ एसओजी साल 2020 में जांच पूरी कर चुकी है। आरोपी के पास से कोई रिकवरी भी नहीं हुई है। मामले में सह अभियुक्त देवी सिंह सहित 12 आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है।

मामले में अभी तक चार्ज भी फ्रेम नहीं हुए हैं। ऐसे में ट्रायल में ज्यादा समय लगेगा।

## युमनाम खेमचंद मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री

### मैतेई सीएम के साथ नगा समुदाय से लोसी, कुकी से नेमचा डिप्टी सीएम; 356 दिन बाद राष्ट्रपति शासन हटा

नई दिल्ली।

भाजपा नेता युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री बने हैं। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने बुधवार शाम को इम्फाल स्थित लोकभवन में खेमचंद को शपथ दिलाई। खेमचंद मैतेई समुदाय से आते हैं। उनके साथ ही नगा समुदाय से आने वाले लोधी दिखो ने डिप्टी सीएम की शपथ ली। वे नगा पीपुल्स फ्रंट के विधायक हैं। वहीं, कुकी समुदाय से आने वालीं नेमचा किपगेन राज्य की पहली डिप्टी सीएम बनीं। भाजपा नेता नेमचा ने दिल्ली के मणिपुर भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए शपथ लीं।

### राज्य में 13 फरवरी 2025 से राष्ट्रपति शासन लागू था

आज ही राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने राज्य में 356 दिन से लगा राष्ट्रपति शासन हटाया है। मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच जातीय हिंसा के कारण 9 फरवरी 2025 को तत्कालीन सीएम एन. बीरेन सिंह ने इस्तीफा दिया था। इसके 4 दिन बाद, 13 फरवरी 2025 से राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था।

### बैठक में युमनाम खेमचंद सिंह के नाम पर मुहर लगी

3 फरवरी को दिल्ली में मणिपुर भाजपा के विधायक दल की बैठक हुई थी। इसमें भाजपा विधायक युमनाम खेमचंद सिंह को विधायक दल का नेता चुना गया था। 4 फरवरी को ह्ष्ठ के घटक दलों के विधायकों की बैठक में सीएम और डिप्टी सीएम के नामों पर मुहर लगी। खेमचंद पूर्व सीएम बीरेन सिंह के करीबी माने जाते हैं। वहीं, राज्य के गृह मंत्री के लिए कोंथौजम गोविंदास सिंह का नाम चर्चा में है।

# अग्निवीर को मासूम भतीजों ने दी अंतिम विदाई

## पार्थिव देह देखकर बिलख पड़ी मां और बहन, पिता ने हाथ जोड़कर किया नमन



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** पश्चिम बंगाल में शहीद हुए सीकर के अग्निवीर करणसिंह राठौड़ का बुधवार को अंतिम संस्कार किया गया। श्रीमाधोपुर के कंचनपुर-जोरावरनगर गांव में चार मासूम भतीजों ने करणसिंह को मुखाग्नि दी। करणसिंह पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में तैनात थे। एक फरवरी को हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया था। बुधवार सुबह साढ़े 8 बजे उनकी पार्थिव देह श्रीमाधोपुर थाने पहुंची थी। अग्निवीर के सम्मान में थाने से पैतृक गांव कंचनपुर-जोरावरनगर की राठौड़ों की ढाणी तक 11 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। जैसे ही करणसिंह की पार्थिव देह उनके गांव पहुंची, उनकी मां मुकेश कंवर पार्थिव देह को देखकर बेसुध हो गईं। बहन निकिता कंवर रो-रोकर अपने भाई को पुकारने लगी। इस दौरान पिता दयाल सिंह ने हाथ जोड़कर बेटे को आखिरी नमन किया। अंतिम दर्शन के बाद पार्थिव देह को घर से 2 किलोमीटर दूर कंचनपुर गौशाला के पास स्थित मोक्ष धाम लेकर गए। जहां सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सूबेदार करणा राम ने बताया कि 1 फरवरी को दोपहर करीब 2 बजे करणसिंह ड्यूटी पर जाने से पहले खाना खाने की तैयारी कर रहे थे। खाना खाने से पहले वे बाथरूम के लिए गए थे। इस बीच करणसिंह को हार्ट अटैक आ गया। जिसके बाद जवान तुरंत उन्हें हॉस्पिटल ले गए। हॉस्पिटल में डॉक्टर




### सेना से जुड़ा परिवार, पिता 10 साल पहले रिटायर हुए

करणसिंह का पूरा परिवार देश सेवा से जुड़ा हुआ है। उनके पिता दयाल सिंह राठौड़ करीब 10 साल पहले सेना से सेवानिवृत्त हुए थे। करणसिंह के दोनों चाचा भी सेना में हैं। करणसिंह इकलौते बेटे थे। उनकी बड़ी बहन निकिता कंवर सीमा सुरक्षा बल में हैं। करणसिंह अविवाहित थे।

ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रिश्तेदार चतर सिंह राठौड़ ने बताया कि करणसिंह दिसंबर 2022 में भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में भर्ती हुए थे। वे 17 कॉर्प्स सिलीगुड़ी बागडोगरा में तैनात थे। 1 फरवरी की शाम को सिलीगुड़ी से आर्मी के कमांडिंग ऑफिसर ने फोन पर उनके निधन की सूचना दी थी।

## कोबरी-सार



# तालुका विधिक शिविर में कानून की दी जानकारी



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** सुभाष कुमार मीणा पीएलवी न्यायालय ने पंडित बंशीधर शर्मा नांगलका राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय श्रीमाधोपुर में शिविर के दौरान बच्चों को नालसा स्कीम पौष एक्ट, बाल विवाह के दुष्परिणाम, नालसा वीर परिवार सहायता योजना 2025 एवं पर्यावरण संरक्षण वी लोक अदालत के कानून की जानकारी दी इस दौरान श्रीमती सुमन कटारिया प्र. अ. ए मुन्नालाल अध्यापक, रोहिताश कुमार मीणा, विजय शर्मा, मनोज सोनी आदि मौजूद रहे।

# शबे बरात के महत्व को किया रेखांकित, चला दुआओं का दौर



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शाबान महीने के पवित्र महीने में शबे बरात मनाई गई। इस मौके पर मस्जिद तौकीर हसन रहमतुल्लाह अलैहे के इमाम वह चीफ शहर काजी हाफिज मोहम्मद अकरम रिजवी ने शबे बरात के बारे में लोगों को बताया। मस्जिद के इमाम अकरम साहब ने सिरत, मुस्तफा शबे बरात की अहमियत बताई। शबे बरात की पाक रात में होने वाली इबादतों के बारे बताया कि यह गुनाहों से माफी मांगने की रात है। मस्जिद के इमाम साहब ने मुल्क, हिंदुस्तान मैं अमन शांति की दुआ की। इस अवसरपर पर कंठस्थ कुरान शरीफहिफ्ज करने पर दारुल उलूम हनफिया अशफाकिया में पढ़ने वाले छात्र हाफिज फतेह मोहम्मद की दस्तारबंदी की गई। मस्जिद में नमाजियों द्वारा इबादत का दौर जारी रहा। कार्यक्रम में हाफिज अमीर सुहैल, हाफिज सदर मोइनुद्दीन खां, कोषाध्यक्ष आरिफ खां, यासीन खां, समीर खान खोखर, ताज खां, मुअजीन मो. आरिफ शेट्टी, सवाई खां, असलम भाटी, मोहम्मद अयूब खोखर, सैफ अली खां, मोहिद्दीन खान, मासूम अली, आमिर भाटी, एहसान खा, जावेद डीलर आमिर खान, अनवर खान, माहिर खान, अजहरुद्दीन मानका, मोहम्मद अयान आदि लोगों ने शिरकत की।

# एनएसटीएसई में प्रिंस के सारांश नाथावत की ऑल इंडिया फर्स्ट रैंक

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सीकर स्थित प्रिंस एजुहब के विद्यार्थियों ने नेशनल साइंस टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन, एनएसटीएसई में शानदार सफलता हासिल की है। प्रिंस के ग्रेड-7 स्टूडेंट सारांश नाथावत ने इस परीक्षा में ऑल इंडिया फर्स्ट रैंक हासिल की है। इस उपलब्धि पर सारांश को पुरस्कार स्वरूप लैपटॉप प्रदान किया गया है। साथ ही कुल 124 विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस पदक जीते हैं। एनएसटीएसई एग्जाम का उद्देश्य स्टूडेंट्स में साइंस व मैथेमेटिकल कांसेप्चुअल अंडरस्टैंडिंग, क्रिटिकल थिंकिंग व प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स को इंप्रूव कर कॉम्पिटिशन एग्जाम्स हेतु तैयार करना है। इस सफलता पर निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन सहित प्रबंधन सदस्यों व फैकल्टी मेंबर्स ने पदक विजेता विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाइयां दी।

# नेटफ्लिक्स की फिल्म घूसखोर पंडित पर बढ़ा विवाद : सर्व ब्राह्मण महासभा ने जताई कड़ी आपत्ति

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नेटफ्लिक्स पर अभिनेता मनोज बाजपेयी की आगामी फिल्म घूसखोर पंडित का टीजर जारी होते ही विवादों के घेरे में आ गया है । सर्व ब्राह्मण महासभा ने फिल्म के शीर्षक को जातिवादी मानसिकता का परिचायक बताते हुए इसका कड़ा विरोध किया है । महासभा का कहना है कि यह केवल एक फिल्म का नाम नहीं, बल्कि एक विशिष्ट समुदाय की सामाजिक गरिमा पर सीधा प्रहार है । महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति के जरिए कहा कि रचनात्मक स्वतंत्रता के नाम पर किसी जाति या समाज को अपमानित करना असंवैधानिक है । फिल्म के नाम में एक समुदाय विशेष को अपराध और भ्रष्टाचार जैसे नकारात्मक भावों से जोड़ना आपत्तिजनक है। जिससे आपसी सौहार्द बिगड़ने का खतरा है । उन्होंने स्पष्ट किया कि विरोध किसी कलाकार से नहीं, बल्कि उस सोच से है जो मनोरंजन के लिए जाति विशेष को बदनाम करती है । सर्व ब्राह्मण महासभा ने नेटफ्लिक्स और फिल्म निर्माताओं के समक्ष मांग रखी है कि फिल्म के वर्तमान शीर्षक घूसखोर पंडित पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए । साथ ही निर्माताओं और प्लेटफॉर्म द्वारा इस मामले पर स्पष्टीकरण देते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी जाए । वहीं भविष्य में किसी भी समुदाय को लक्षित करने वाले जातिवादी कंटेंट से परहेज किया जाए । महासभा ने चेतावनी दी है कि यदि इन मांगों की अनदेखी की गई तो देशभर में लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा । साथ ही सरकार और नियामक संस्थाओं से आग्रह किया गया है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रसारित सामग्री की सामाजिक संवेदनशीलता की गंभीरता से जांच की जाए। ताकि किसी समाज के आत्मसम्मान को ठेस न पहुंचे।

# विश्व की सबसे ऊंची 252 फीट अष्टधातु से निर्मित लड्डू गोपालजी की प्रतिमा का नींव पूजन 11 को

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** बाबा श्याम की पावन धरा खाटूश्यामजी में हनुमानपुरा रोड पर श्री गणराज ग्रुप द्वारा निर्मित नंद धाम परिसर में विश्व की सबसे ऊंची 252 फीट अष्टधातु से निर्मित लड्डू गोपालजी की प्रतिमा स्थापना को लेकर भव्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। 5 फरवरी से 11 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय महाअनुष्ठान में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक विभिन्न वैदिक एवं धार्मिक पाठ संपन्न होंगे। इन आयोजनों में गोपाल सहस्त्रनाम, श्रीमद्भागवत मूल पाठ, वास्तु शास्त्र, भूमि स्तोत्र, दुर्गा सप्तशती एवं विष्णु सहस्त्रनाम पाठ प्रमुख रहेंगे। 10 फरवरी को नंद धाम में 21 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जबकि 11 फरवरी को प्रात: 9:51 से 10:15 बजे के शुभ मुहूर्त में लड्डू गोपालजी की प्रतिमा का विधिवत नींव मुहूर्त किया जाएगा।

# टाइम पास नहीं, भविष्य निर्माण की है भजनलाल सरकार : गोपाल शर्मा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान बुधवार को सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार को पास सरकार करार देते हुए सराहना की।

विधायक शर्मा ने कहा कि पास का अर्थ है, पी से पॉलिटिकल स्ट्रेंथ राजनैतिक दृढ़ता, से एडमिनिस्ट्रेटिव कैपेसिटी प्रशासनिक क्षमता, एस से सोशल कमिटमेंट सामाजिक प्रतिबद्धता, स्ट्रेटिजिक फोरसाइट नीतिगत दूरदृष्टिद्ध। उन्होंने कहा कि इन चारों कसौटियों पर भजनलाल सरकार हर कदम पर पास हुई है।



प्रतिपक्ष पर निशाना साधते हुए गोपाल शर्मा ने कांग्रेस के वरिष्ठ विधायकों पर राज्यपाल के अभिभाषण का अध्ययन तक नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण केवल 47 पृष्ठों का दस्तावेज नहींए बल्कि उसमें 7,900 शब्द और 35 हजार अक्षर हैं, जिनका निहितार्थ सुख, शांति और समृद्धि से जुड़ा है। विधायक शर्मा ने कहा कि एक सरकार केवल टाइम पास करती है, जबकि दूसरी आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और सुखद भविष्य का निर्माण करती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार भविष्य गढ़ने वाली सरकार है। भजनलाल सरकार को सुशासन की त्रिवेणी बताते हुए उन्होंने इसकी तुलना प्रयागराज के महा-संगम से की। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में विकास की गति, जनाकांक्षाओं की पूर्ति और सर्व-समावेशी नीतियों का स्पष्ट प्रतिबिंब दिखाई देता है। पेपर लीक प्रकरण को लेकर विधायक गोपाल शर्मा ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिन डीजीपी ने सबसे पहले पेपर लीक की फाइल देखी थी, उन्होंने स्वयं कहा था कि यदि ईमानदारी से कार्रवाई होती तो दो तत्कालीन मंत्री जेल जाते। उन्होंने कहा कि जब तक ऐसे नेता जेल नहीं जाते, राजस्थान में सुख.शांति का शासन संभव नहीं है और ऐसे लोगों को स्वत: आत्मसमर्पण करना चाहिए। अपने वक्तव्य के समापन में विधायक शर्मा ने कहा कि सरकार की इंद्रधनुषी उपलब्धियां सामने हैं और अब सभी को बासंती बजट का इंतजार है। इस बीच के राजनीतिक क्षणों को उन्होंने साहित्यिक संदर्भों से जोड़ते हुए कहा कि यह वही समय है, जिसे कवि माघ ने कल्पना में देखा और बिहारी ने कहा जिनके दोहरे तीर केवल विद्वान ही समझ सकते हैं।

# ओम शिव गोरखनाथ मंदिर के पुजारी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर ग्रामीण जिले के सामोद थाना इलाके में स्थित कानपुरा आमेटी घाटी के समीप ओम शिव गोरखनाथ मंदिर में पुजारी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। बुधवार को पुजारी के कमरे से दुर्गंध आने पर स्थानीय लोगों ने जाकर देखा तो पुजारी का शव फर्श पर पड़े हुए मिला। स्थानीय लोगों को सूचना पर मौके पर मौके पर पहुंची ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया और एफएसएल टीम की सहायता से घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। बताया जा रहा है कि ओम शिव गोरखनाथ मंदिर के पुजारी हीरालाल नाथ 41 पिछले कुछ समय से मंदिर परिसर में रहकर तपस्या कर रहे थे। बुधवार को लोगों को एक कमरे से दुर्गंध महसूस हुई। हालांकि कमरा अंदर से बंद मिला। इसके बाद तुरंत सामोद थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। अंदर पुजारी का शव फर्श पर पड़ा मिला। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए चोमू सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। पुलिस का कहना है कि शव कितने दिन पुराना है और मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुजारी ने हाल ही में 41 दिन की तपस्या करने को लेकर एक संदेश साझा किया था। फिलहाल मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं।

# नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच और लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज, राजेंद्र प्रसाद कयाल की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा बुधवार को श्रीमाधोपुर के स्व चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में 77 वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच और लैंस प्रत्यारोपण शिविरष् का आयोजन किया गया। क्लब के गिरिराज कयाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हुए शिविर में 90 मरीजों के आंखों की जांच की गई तथा इनमें से चयनित 32 मरीजों का चयन कर मोतियाबिंद ऑपरेशन और लैंस प्रत्यारोपण के लिए निजी बस से शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर रेफर किया गया। जहां चयनित मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। साथ ही चयनित मरीजों के आने.जाने कि व्यवस्था से लेकर खानपान व रहने की व्यवस्था नि:शुल्क की जाएगी। तथा चश्मे भी नि:शुल्क दिये जायेगें। इस मौके पर शंकरा आई होस्पिटल से डॉक्टर आशना गुप्ता, अजीत सिंह तंवर, आप्टम आशीष, दुष्यंत शर्मा, गुंजन, सानिया, पूर्व सहप्रान्तपाल डॉ. माधव सिंह, गिरिराज कयाल, पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार चोटिया, दीनदयाल सतीजा तथा गोकुल शर्मा अन्य सदस्यों ने उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं दी। शिविर में पिछले शिविर के आपरेशन हो चुके मरीजों को नि:शुल्क नजर के चश्मे दिये गये।

इससे पहले आयोजित 76 शिविरों में 7031 पंजीकरण, जिनमें से 2328 मरीजों की आंखों के सफल ऑपरेशन हो चुके है। क्लब द्वारा इस तरह के नेत्र शिविर प्रत्येक महीने के पहले बुधवार को आयोजित किया जाता है। अगला 78 वां शिविर 4 मार्च, 2026 को आयोजित किया जाएगा।

# साइबर क्राइम रोकने के लिए सरकार करे विशेषज्ञों की भर्ती : मेघवाल

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेयीय विधायक मनोज मेघवाल ने बजट सत्र 2026 में स्थगन नियम 50 के अन्तर्गत देश प्रदेश में बढ़ते साईबर फ्रॉड व साइबर क्राइम का मामला विधानसभा में उठाया है। विधायक मनोज मेघवाल ने विधानसभा में कहा कि यह बहुत गंभीर विषय है और आए दिन अखबारों में साइबर क्राईम की खबरें ही नजर आती हैं और लोगों के मेहनत की कमाई ठगों के हाथ लग रही है। इस प्रकार के संगठित अपराध के जरिये अमीर लोगों की धमकियां देकर फ्रोड किए जा रहे हैं। अत: पुलिस महकमे के साईबर सेल में विशेषज्ञों की भर्ती की जावे, ताकि इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके। क्योंकि पढ़े लिखे लोगों को ही ठगी का शिकार बनाया जा रहा है।

# विराट हिन्दू सम्मेलन आठ को : प्रभात फेरी निकालकर दिया निमंत्रण

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ब्रह्मपुरी बस्ती में 8 फरवरी को आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियां पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। आयोजन समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता दिन-रात सम्मेलन को भव्य एवं सफल बनाने में जुटे हुए हैं। सम्मेलन को लेकर हिन्दू समाज में उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में बस्ती व आसपास की कॉलोनियों में छोटी-छोटी बैठकों का आयोजन कर समाज के लोगों को सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण दिया जा रहा है। मातृशक्ति की भी इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका देखने को मिल रही है। महिलाएं




घर-घर जाकर कलश यात्रा में भाग लेने के लिए महिलाओं को आमंत्रित कर रही हैं और कूपन का वितरण कर रही हैं। इसके साथ ही प्रतिदिन प्रभात फेरियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें महिला-पुरुष, बच्चे, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। अलग-अलग कॉलोनियों में प्रभात फेरी निकालकर लोगों को सम्मेलन की जानकारी दी जा रही है तथा पत्रकों का वितरण भी किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश भार्गव ने बताया कि ब्रह्मपुरी बस्ती में 8 फरवरी को दोपहर 2 बजे से विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में वीर रस के कवि अपनी ओजस्वी वाणी से हिन्दू समाज में चेतना का संचार करेंगे। वहीं बच्चे और युवा भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। एंकर राखी शुक्ला मंच संचालन करेंगी। सम्मेलन के मुख्य अतिथि आचार्य राजेश्वर सनातन संस्कृति, स्वदेशी अपनाने, पर्यावरण संरक्षण और हिन्दू समाज की एकजुटता जैसे विषयों पर अपने विचार रखेंगे। मातृशक्ति प्रतिनिधि मीनाक्षी सोनी, विजया पारीक एवं राधा गुप्ता ने बताया कि महिलाओं की भव्य कलश यात्रा 8 फरवरी को सुबह 11 बजे चतुर्मुख नाथ महादेव मंदिर से रवाना होगी, जिसमें 501 महिलाएं शामिल होंगी।

# मामूली एक्सीडेंट के बाद युवक से मारपीट कर मोबाइल छीनने वाले चार छात्र गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सांगानेर थाना पुलिस ने सड़क दुर्घटना के बाद एक युवक के साथ मारपीट करने और उसका मोबाइल छीनकर ले जाने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त स्विफ्ट कार भी जप्त कर ली है । पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन के अनुसार बैरवा कॉलोनी सांगानेर में चैनपुरा निवासी आशीष आलोरिया की गाड़ी की टक्कर आरोपियों की गाड़ी से हो गई थी । इस साधारण दुर्घटना के बाद आरोपियों ने तैश में आकर आशीष के साथ मारपीट की और उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए । पुलिस नियंत्रण कक्ष से सूचना मिलते ही सांगानेर पुलिस ने घेराबंदी कर चारों को शांतिभंग के आरोप में निर्भय कुमार 25, मानसिंह 21, अभिषेक 26 और गौरव 20 को गिरफ्तार किया गया है। सभी सवाई माधोपुर जिले के रहने वाले है।

# आज से 16 फरवरी तक होगा श्रीराधा कृष्ण मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** आज 5 फरवरी से 16 फरवरी तक दुलिया बास स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न होगा। किशोर दास स्वामी ने बताया कि 5 फरवरी से 7 फरवरी तक मंदिर में मूर्तियों का प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा। 6 फरवरी को संकट मोचन मंदिर, नया बाजार, रविदास मंदिर, वाल्मीकि बस्ती, खटीक बस्ती होते हुए मूर्तियों का नगर भ्रमण जुलूस निकाला जाएगा। 9 फरवरी को कृषि मंडी पीछे स्थित गणेश मंदिर से कार्यक्रम स्थल तक अखिल भारतीय सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर स्वामी ओम दास महाराज के सानिध्य में विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। 9 फरवरी से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होगा जिसमें श्री दशनाम संन्यास आश्रम गुलर धाम के महंत स्वामी कानपुरी महाराज व्यास पीठ से कथा का वाचन करेंगे। वहीं 7 फरवरी से ही रात्रि में प्रतिदिन



सुजला क्षेत्र के सत्संग मंडलों द्वारा सुंदरकांड, अखंड संकीर्तन, शिव कीर्तन, श्याम कीर्तन, शास्त्रीय संगीत संध्या, फाल्गुन संध्या, भजन संध्या सहित अन्य कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। इसको लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन बुधवार को स्वामी समाज भवन में किया गया, जिसमें भैरदास महाराज, खड़क दास स्वामी, श्याम सुंदर शर्मा, सुरेंद्र प्रजापत, रूपचंद स्वामी, राजेंद्र प्रजापत, निरंजन स्वामी, रामोतार स्वामी, दीनदयाल स्वामी, दुर्गा दास स्वामी, भागीरथ प्रजापत, खेमचंद स्वामी सहित अन्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रचार सामग्री का विमोचन भी किया गया।

### शेखावाटी सहित सुजलांचल के संतों का मिलेगा सानिध्य

इस 11 दिवसीय कार्यक्रम में सांगलिया पीठाधीश्वर स्वामी ओम दास महाराज, महावीर जती महाराज गाडोदा धाम, ओम दास महाराज मौजी दास धुणा अड़कसर, बजरंग पुरी महाराज लाडनूं, चंद्रमा दास महाराज पालवास, जग्गू दास महाराज कुमास, मुक्तिनाथ महाराज मीरण धाम, केशव दास महाराज सुजानगढ़, संजयानंद महाराज बीदासर, श्याम शरण दास महाराज, सरल नाथ महाराज, तनसुखदास महाराज गोपालपुरा सहित अन्य विद्वान संतों का प्रतिदिन कार्यक्रम में सानिध्य मिलेगा।

# विश्व आयुर्वेद परिषद ने केंद्रीय बजट की तरह राज्य में भी आयुर्वेद को बढ़ावा देने की मांग की

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** केंद्र सरकार ने हाल ही घोषित बजट में आयुर्वेद को प्रमुखता दी है। इससे आयुर्वेद की आरोग्य से लेकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने मेंए स्वास्थ्य संरक्षण से लेकर स्थाई रोगोपचार में महत्वपूर्ण भूमिका सिद्ध हुई है। केंद्र सरकार द्वारा की गई घोषणाओं के साथ ही राज्य सरकार से भी अपेक्षा है कि केंद्र सरकार की दूर दृष्टि सोच का अनुसरण करते हुए आगामी बजट में प्रदेश सरकार भी स्वदेशी भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद को प्रमुखता देते हुए विशेष घोषणाएं करे। मांग पत्र में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय पर जिला आयुर्वेद चिकित्सालयो को 100 बैड के हॉस्पिटल में क्रमोन्नत करने, आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में औषधियों की वर्ष भर निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने, डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद सृजित करने, रिक्त पदों पर चिकित्सकों, नर्सिंगकर्मियों, परिचारकों,



अकाउंटेंट, क्लर्क की भर्ती करने, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में डे केयर पैकेज चालू करने एवं प्राइवेट आयुर्वेद हॉस्पिटल्स को शामिल करने, औषधालयों में नर्सिंग कर्मियों के पद सृजित करने, महाविद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पद भरने, आयुर्वेद चिकित्सकों को भी डीएसीपी एनपी, देने, आरजीएचएस स्कीम में उपयोगी आयुर्वेद दवाओं की संख्या बढ़ाने, आयुर्वेद क्लीनिक, हॉस्पिटल, फार्मेसी इत्यादि संचालित करने के लिए डिग्री के आधार पर लोन स्वीकृत करने, जड़ी बूटी क्रय विक्रय केंद्र स्थापित करने, जिला स्तर पर राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय की स्थापना करने, आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को आयुष विभाग का 90 प्रतिशत बजट आवंटित करने, राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय आरयूएचएस की तर्ज पर ही आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान केंद्र की स्थापना करने, आयुर्वेद औषधियों के जांच हेतु राज्यस्तरीय टेस्टिंग लैब की स्थापना करने, चिकित्सकों के प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना करने आदि मांगे शामिल हैं। आयुर्वेद विकास एवं आयुर्वेद से आमजन को लाभान्वित करने के उद्देश्य से बुधवार को राष्ट्रीय सचिव डॉ. किशोरीलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा, चिकित्सक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह-प्रभारी डॉ. बाबुलाल बराला, चिकित्सक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी डॉ. पवन सिंह शेखावत,जयपुर प्रांत सह प्रभारी डॉ. मुकेश चंद प्रजापत के नेतृत्व में मुख्य सचिव, उपमुख्यमंत्री कार्यालय, आयुर्वेद सचिव एवं वित्त सचिव को बजट घोषणा के लिए आयुर्वेद क्षेत्र से जुड़ी 15 सूत्रीय मांगों को पूरा करने के लिए प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन दिया।

# शिव महापुराण कथा के पोस्टर का सीएम ने किया विमोचन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर परिवार सेवा समिति के बैनर तले श्री शिव पुराण कथाए श्री महा मृत्युंजय रुद्र महायज्ञ का आयोजन आगामी 20 से 26 मार्च तक मानसरोवर स्थित वीटी रोड मेला ग्राउंड पर किया जाएगा। इस मौके पर भारत के प्रसिद्ध शिव महापुराण कथावाचक, अनन्य शिवभक्त एवं प्रेरक आध्यात्मिक प्रवक्ता परम श्रद्धेय पं. प्रदीप मिश्रा महाराज सीहोर वाले अपनी वाणी से जयपुर वासियों को शिव कथा सुनाएंगे। इस आयोजन के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने किया। इस अवसर पर कथा का पोस्टर विमोचन भी किया गया । इस मौके पर ट्रस्ट सैक्ट्री अखिलेश अत्री, समाजसेवी राकेश कुलवाल, व्यवस्थापक मनोज पांडे सह यजमान नरेंद्र हर्ष मौजूद रहे। मुख्य व्यवस्थापक अखिलेश अत्री ने बताया कि आयोजन के तहत आयोजन के तहत 15 मार्च को भव्य 11 हजार महिलाओं भव्य कलश यात्रा केएल सैनी स्टेडियम से कथा स्थल तक निकाली जाएगी। भव्य लवाजमे के साथ निकलने वाली इस ऐतिहासिक कलश यात्रा में हजारों की संख्या में जयपुर के साथ-साथ देशभर से हजारों की संख्या में भक्तगण भाग लेंगे। इस आयोजन को लेकर जयपुरवासियों में खासा उत्साह है। आयोजन की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। आयोजन की सफलता के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। सभी संगठनों के सामूहिक प्रयास से यह आयोजन जयपुर ही नहीं, बल्कि प्रदेश के धार्मिक इतिहास में एक उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायी अध्याय स्थापित करेगा।

# पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन-2026 के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत)(कलक्टर) अभिषेक सुराणा ने आदेश जारी कर जिले में पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन-2026 हेतु रिटर्निंग अधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए हैं। जारी आदेशानुसार राजगढ़ पंचायत समिति के लिए उपखंड मजिस्ट्रेट को रिटर्निंग अधिकारी व राजगढ़ नायब तहसीलदार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सिद्धमुख पंचायत समिति के लिए सिद्धमुख तहसीलदार को रिटर्निंग अधिकारी व सिद्धमुख नायब तहसीलदार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, चांदगोठी (मुख्यालय राजगढ़) पंचायत समिति के लिए राजगढ़ तहसीलदार को रिटर्निंग अधिकारी व हमीरवास नायब तहसीलदार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, तारानगर पूर्व पंचायत समिति के लिए तारानगर उपखंड मजिस्ट्रेट को रिटर्निंग अधिकारी व साहवा नायब तहसीलदार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, तारानगर पश्चिम (भालेरी) पंचायत समिति मुख्यालय तारानगर के लिए तारानगर तहसीलदार को रिटर्निंग अधिकारी व तारानगर नायब तहसीलदार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सरदारशहर पंचायत समिति के लिए सरदारशहर उपखंड मजिस्ट्रेट को रिटर्निंग अधिकारी व सरदारशहर नायब तहसीलदार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सरदारशहर पूर्व पंचायत समिति के लिए सरदारशहर तहसीलदार को रिटर्निंग अधिकारी व राजलदेसर नायब तहसीलदार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, भानीपुरा पंचायत समिति के लिए भानीपुरा तहसीलदार को रिटर्निंग अधिकारी व भानीपुरा नायब तहसीलदार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, चूरू पंचायत समिति के लिए चूरू उपखंड मजिस्ट्रेट को रिटर्निंग अधिकारी व चूरू नायब तहसीलदार (कार्यालय निर्वा. रजि. अधि.) को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, चूरू उत्तर (मुख्यालय चूरू) पंचायत समिति के लिए चूरू तहसीलदार को रिटर्निंग अधिकारी व दूधवाखारा नायब तहसीलदार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, रतनगढ़ पंचायत समिति के लिए रतनगढ़ उपखंड मजिस्ट्रेट को रिटर्निंग अधिकारी व रतनगढ़ तहसीलदार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सुजानगढ़ पंचायत समिति के लिए सुजानगढ़ उपखंड मजिस्ट्रेट को रिटर्निंग अधिकारी व सुजानगढ़ तहसीलदार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, बीदासर पंचायत समिति के लिए बीदासर उपखंड मजिस्ट्रेट को रिटर्निंग अधिकारी व बीदासर तहसीलदार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक

## 11 स्थानों से निकलेगी भव्य कलश यात्राएं



निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी के पोलो ग्राउंड में 11 फरवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारीयाँ जोरों पर चल रही है। बुधवार को हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन कर कार्यकताओं को आवश्यक जिम्मेदारी सौंपी गई। एडवोकेट संजय सुरोलिया ने बताया कि खेतड़ी कस्बे में 11 फरवरी को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में कस्बे के 11 स्थानों से महिलाओं द्वारा कलशयात्रा का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर विश्वनाथ अग्रवाल, चैनसिंह शेखावत, गजानंद कुमावत, संजय सुरोलिया, अशोक कुमार, राजेंद्र, नवीन, प्रीतम कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ता बस्ती अनुसार बड़ी बैठकें कर सम्मेलन की तैयारीयौ को मूर्त रूप दे रहे हैं। वही ज्योति भारद्वाज सुधा सुरोलिया मंजू शर्मा शशि सैनी सुमित्रा कुमावत रेनू यादव आशा जांगिड़ के नेतृत्व में महिलाएं वार्ड वार्ड वार्ड वार्ड में घर-घर संपर्क व नुक्कड़ बैठक कर कस्बे में अलग-अलग 11 स्थान से निकलने वाली कलश यात्राओं की योजना बनवा रही है इसी प्रकार विवेकानंद बस्ती में आने वाले वार्ड संख्या 23 से 25 के कार्यकर्ताओं की बड़ी बैठक शहीद अजीत सिंह सोडा स्मारक प्रांगण में आयोजित की गई जिसमें प्रताप सिंह शेखावत नगेंद्र सोढ़ा हिम्मत सिंह गजवीर सिंह इंदा करतार शर्मा मोहर सिंह आदि कार्यकर्ताओं ने पुरुषों द्वारा भव्य शोभायात्रा व महिलाओं की कलश यात्रा के साथ बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का संकल्प किया।

# पेंशन के लिए आवेदन शिविर आज

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत पेंशन के लिए गुरुवार को सरदारशहर नगर परिषद सभागार में आवेदन शिविर आयोजित किया जाएगा। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सहायक निदेशक गणपत राम चौधरी ने बताया कि योजना अंतर्गत आवेदक प्रतिमाह 3 हजार रुपए का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना में लाभार्थी अपने नजदीकी ई-मित्र केंद्र से या जिले के सरदारशहर नगर परिषद सभागार में 05 फरवरी, 2026 को आयोजित विशेष शिविर में उपस्थित होकर पंजीकरण करवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि वित्त विभाग ने श्रमिकों, पथ विक्रेताओं एवं लोक कलाकार को संबल प्रदान करने के लिए 26 नवम्बर, 2024 को योजना लागू की थी। योजना का लाभ लेने के लिए 60 वर्ष की आयु तक प्रतिमाह 100 रुपए अंशदान राशि जमा करवानी होगी। तीन साल की अवधि अथवा 60 वर्ष की आयु से पहले इस योजना से बाहर निकलने वालों को सेविंग बचत खाता के समान ब्याज सहित जमा राशि लौटाई जा सकेगी। अंशदान देने वालों को राज्य सरकार द्वारा 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 3 तीन हजार प्रतिमाह देय होंगे। यह पेंशन वृद्धावस्था एवं विकलांग पेंशन के अतिरिक्त होगी। पेंशन प्राप्त करने के दौरान यदि किसी पेंशनर की मृत्यु हो जाती है तो उसके पति या पत्नी को अभिदाता की पेंशन का अधिकतम 50 प्रतिशत, पारिवारिक पेंशन का लाभ मिलेगा।

**यह दस्तावेज होंगे जरूरी:** उन्होंने बताया कि आवेदक की आयु 41 से 45 वर्ष, राजस्थान का मूल निवासी होना आवश्यक है। इसी के साथ मासिक आय 15 हजार से अधिक ना हो। बैंक में अपने नाम से बैंक बचत खाता, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड तथा केन्द्र सरकार के पोर्टल से प्राप्त रजिस्ट्रेशन संख्या होना आवश्यक है।

# फरवरी माह की जन सुनवाई एवं अटल जन सेवा शिविर स्थगित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** संयुक्त शासन सचिव हर्ष सावनसुखा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम 14 फरवरी तक प्रगति पर है। इस विशेष गहन पुनरीक्षण के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की व्यस्तता को दृष्टिगत रखते हुए माह फरवरी में आयोजित होने वाली प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जन सुनवाई तथा द्वितीय गुरुवार 12 फरवरी को ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले अटल जन सेवा शिविर को स्थगित किया गया है। उन्होंने बताया कि तृतीय गुरुवार 19 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जन सुनवाई का आयोजन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यथावत रखा जाएगा।

# राजसेस महाविद्यालयों में संविदा नियुक्तियों पर रोक की मांग, प्राध्यापकों ने किया प्रदर्शन




निसं

**सरदारशहर (नवयत्न)।** राजसेस महाविद्यालयों की वर्तमान संकल्पना एवं संचालन व्यवस्था के विरोध में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान उच्च शिक्षा की एसबीडी राजकीय महाविद्यालय, सरदारशहर इकाई की ओर से बुधवार को शांतिपूर्ण एवं मर्यादित विरोध प्रदर्शन किया गया। प्राध्यापकों ने महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर काली पट्टी बांधकर तथा मांगों से संबंधित प्ले-कार्ड लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। महासंघ ने आरोप लगाया कि आरएजे-सीईएस योजना के अंतर्गत संचालित महाविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की मूल भावना के विपरीत हैं। इन महाविद्यालयों में स्थायी अकादमिक ढांचे का अभाव, अपर्याप्त अधोसंरचना, शोध एवं नवाचार की सीमित संभावनाएं तथा संविदा आधारित अध्यापन व्यवस्था उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और अकादमिक निरंतरता को प्रभावित कर रही है। महासंघ के अनुसार सत्र 2020-21 से 2022-23 के दौरान आरएजे-सीईएस योजना के तहत 303 नए महाविद्यालय खोले गए, जबकि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में सत्र 2023-24 और 2024-25 में 71 अतिरिक्त आरएजे-सीईएस महाविद्यालय शुरू किए गए हैं। इस प्रकार प्रदेश में कुल 374आरएजे-सीईएस महाविद्यालय संचालित हैं, जिनमें से लगभग 260 महाविद्यालयों में आज भी एक भी स्थायी संकाय सदस्य नियुक्त नहीं है। प्रदर्शन के बाद संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री, राज्यपाल एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में विधानसभा चुनाव-2023 के बाद गठित सोडाणी समिति की सिफारिशें अब तक सार्वजनिक अथवा लागू नहीं किए जाने पर भी नाराजगी जताई गई। महासंघ ने यह भी आपत्ति दर्ज कराई कि भर्ती परीक्षा कैलेंडर-2026 के तहत आरएजे-सीईएस नियम-2023 में संशोधन कर 28,500 रुपये नियत वेतन पर पांच वर्षों के लिए संविदा टीचिंग एसोसिएट एवं अशैक्षणिक पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की जा रही है। महासंघ का कहना है कि यह व्यवस्था अस्थायी, असुरक्षित एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के विपरीत है। महासंघ ने मांग की कि सोडाणी समिति की सिफारिशों को अविलंब लागू किया जाए, सभी आरएजे-सीईएस महाविद्यालयों को सामान्य राजकीय महाविद्यालयों के रूप में संचालित किया जाए तथा प्रस्तावित संविदा नियुक्ति प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रोका जाए।

संगठन ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलनात्मक रास्ता अपनाया जाएगा। प्रदर्शन में इकाई सचिव भवानीशंकर, जिला उपाध्यक्ष कमलेश कुमार जोशी, सह सचिव डॉ. सिद्धि गुप्ता सहित संकाय सदस्य शेर सिंह, मुकेश कुमार प्रजापत, डॉ. देवीलाल रोझ, डॉ. सुनीता मीणा, डॉ. लालचंद मीणा, राजकुमार झांकल, शुभम बंसल, जयरत्न लखेरा, सुमन, लता गुर्जर, डॉ. अल्का जांगिड़, सुनीता गोदारा एवं डॉ. प्रभाकर दीक्षित मौजूद रहे।

# खेजड़ी की रक्षा करने लिए पूरा राजस्थान जन आंदोलन पर उतरा : खाचरियावास



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** खेजड़ी सिर्फ एक पेड़ नहीं, बल्कि राजस्थान की संस्कृति, पर्यावरण और जीवनशैली की आत्मा है। आज प्रदेशभर में खेजड़ी को बचाने के लिए जन आंदोलन खड़ा हो चुका है। बीकानेर में चल रहा धरना इस बात का प्रतीक है कि राजस्थान की जनता अब चुप बैठने वाली नहीं है। यह बात पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने की। खाचरियावास ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ने पेड़ कटाई पर पहले से बने सख्त कानूनों को कमजोर कर दिया है। जिससे खेजड़ी जैसे जीवनदायी वृक्ष खतरे में पड़ गए हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो सरकार विकास की बात करती है, वही पर्यावरण के सबसे बड़े संरक्षक वृक्ष को नष्ट करने का रास्ता खोल रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की मां, बेटी और बहन सभी चाहती हैं कि खेजड़ी सुरक्षित रहे। क्योंकि खेजड़ी बचेगी तो पर्यावरण बचेगा और पर्यावरण बचेगा तो जीवन बचेगा। गांवों में खेजड़ी को देखकर आज भी आनंद और सुकून की अनुभूति होती है। लेकिन भाजपा सरकार इस आनंद को छीनना चाहती है। खाचरियावास ने बताया कि खेजड़ी का पत्ता पशुओं का पेट भरता है। उसकी लूम बकरियां खाती हैं, बकरियों का दूध लोगों के पोषण का आधार है। खेजड़ी की सूखी टहनी जलाने के काम आती है और फिर वही पेड़ दोबारा पनप जाता है। यह ऐसा अनमोल वृक्ष है जो बिना नष्ट हुए भी उपयोगी रहता है। उन्होंने मांग की कि खेजड़ी काटने पर अत्यंत सख्त कानून बनाया जाए और पुराने मजबूत प्रावधानों को तुरंत बहाल किया जाए। भाजपा सरकार को जनभावनाओं का सम्मान करते हुए खेजड़ी संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। खाचरियावास ने कहा कि कांग्रेस पार्टी खेजड़ी बचाने की इस लड़ाई में जनता के साथ खड़ी है और जरूरत पड़ी तो इस आंदोलन को पूरे प्रदेश में और तेज किया जाएगा। खेजड़ी बचेगी, तभी राजस्थान बचेगा।

# भाकपा-माले जिला परिषद व पंचायत समितियों में उतारेगी उम्मीदवार



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी आगामी पंचायत चुनावों में जिले भर में पंचायत समिति व जिला परिषद के वार्डों में अपने उम्मीदवार उतारेगी। यह निर्णय पार्टी कार्यालय पर आयोजित भाकपा-माले व अखिल भारतीय किसान महासभा की संयुक्त बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कामरेड सूरजभान सिंह ठोठी ने की। बैठक में प्रस्ताव पारित कर भारत सरकार द्वारा यूरोपीयन संघ के साथ किये गये मुक्त व्यापार समझौते व हाल ही में अमेरिका-भारत के बीच हुए व्यापार समझौते को भारी सब्सिडी पर आधारित कृषि उत्पादों को भारतीय बाजार में लाने की छूट देने की नीति मानते हुए भारतीय किसानों के हितों के खिलाफ बताया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 12 फरवरी की मजदूर हड़ताल के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन में मोर्चा के अन्य घटक संगठनों के साथ मिलकर झुंझुनू में प्रदर्शन करेगी । पांच से ग्यारह फरवरी तक अमेरिकी व्यापार समझौते, एमएसपी को कानूनी गारंटी देने, बिजली विधेयक 2025 को वापस लेने, झुंझुनू जिला में यमुना नहर लाने व ओलावृष्टि व शीत लहर से नष्ट हुई सन् 2022-23 की रबी फसलों से प्रभावित मुआवजा से वंचित किसानों को मुआवजा देने आदि मांगों को लेकर एक सप्ताह का जागरण अभियान चलाया जाएगा। अखिल भारतीय किसान महासभा सदस्यता अभियान चलायेगी व ग्राम कमेटियों का गठन किया जाएगा।

बैठक में भाकपा माले के जिला सचिव एवं अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव कामरेड रामचंद्र कुलहरि, किसान महासभा के जिला अध्यक्ष कामरेड ओमप्रकाश झारोड़ा, जिला उपाध्यक्ष कामरेड इंद्राज सिंह चारावास, कामरेड रामस्वरुप मणकश, अनिल कुमार रेप्सवाल टोनी, महेंद्र सिंह कुलहरि, सिंघाना प्रखंड अध्यक्ष कामरेड विद्याधर सिंह गर्सा, राजस्थान निर्माण मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड मनफूल सिंह, कामरेड अमर सिंह चाहर, कामरेड प्रेम सिंह नेहरा, कामरेड वीरभान सिंह, कामरेड होशियार सिंह, कामरेड हरीओम पिलानी, कामरेड देवेंद्र सिंह कुल्हार, कामरेड रत्तीराम राव व कामरेड रोतास काजला उपस्थित थे।

# राजसेस महाविद्यालयों में संविदा नियुक्तियों की चयन प्रक्रिया पर रोक एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पुनः संरचना की माँग



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान उच्च शिक्षा की माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय, तारानगर इकाई द्वारा आज राजसेस महाविद्यालयों की वर्तमान संकल्पना एवं संचालन व्यवस्था के विरोध में शांतिपूर्ण एवं मर्यादित विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्राध्यापकों ने महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर काली पट्टी बांधकर तथा मांगों से संबंधित प्ले-काड्र्स लेकरअपना विरोध दर्ज कराया। महासंघ का स्पष्ट मत है कि राजसेस योजना के अंतर्गत संचालित महाविद्यालयों का वर्तमान स्वरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की मूल भावना के विपरीत है। इन महाविद्यालयों में स्थायी अकादमिक ढांचे का अभाव, अपर्याप्त अधोसंरचना एवं संसाधन, शोध एवं नवाचार की संभावनाओं का न होना तथा संविदा एवं अस्थायी नियुक्तियों पर आधारित अध्यापन व्यवस्था राज्य की उच्च शिक्षा को गुणवत्ता, बहुविषयकता एवं अकादमिक निरंतरता से दूर ले जा रही है। प्रदर्शन के उपरांत संगठन के प्रतिनिधिमंडल द्वारा उपखंड अधिकारी के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री, माननीय राज्यपाल एवं माननीय प्रधानमंत्री के नाम पृथक-पृथक ज्ञापन प्रस्तुत कर शीघ्र समाधान की माँगकी गई। महासंघ ने राज्य सरकार से माँग की कि राज-सेस महाविद्यालयों के संबंध में गठित सोडाणी समिति की सिफारिशों को अविलंब लागू किया जाए, राज्य में संचालित सभी राज-सेस महाविद्यालयों को सामान्य राजकीय महाविद्यालयों के रूप में संचालित करने के स्पष्ट आदेश जारी किए जाएँ तथा संविदा नियुक्तियों की प्रस्तावित चयन प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। महासंघ ने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते इस दिशा में ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो संगठन को लोकतांत्रिक एवं आंदोलनात्मक मार्ग अपनाने के लिए विवश होना पड़ेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। आज के इस विरोध प्रदर्शन में माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय, तारानगर के प्राचार्य प्रो सत्यवती बुडानिया व इकाई के पदाधिकारी अध्यक्ष हंसराज परिहार, सचिव डॉ. कमल कुमार एव संकाय सदस्य डॉ. शंकरलाल, राजेंद्र प्रसाद कस्वा, डॉ. सरिता, योगिता, डॉ. छगनदान, अंकिता चौधरी, अन्नु महला, डॉ. राजकुमार, डॉ. नेहा आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने पुलिस थाना मुकुन्दगढ़ का औचक निरीक्षण किया



निसं

**मुकुंदगढ़ (नवयत्न)।** पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने पुलिस थाना मुकुन्दगढ़ का औचक निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर, एचएम कार्यालय, मालखाना, महिला डेस्क, बैरिक, हवालात, मैस आदि का निरीक्षण कर रिकॉर्ड देखा । कमियों को दुरस्त करने, थाने में सभी कार्य कुशलतापूर्वक किए जाने, अधिकारी/कार्मिकों को मुस्तैदी से ड्यूटी करने एवं अनुशासन बनाये रखने के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना पर अपराध की स्थिति की समीक्षा की जाकर अपराध पर अंकुश लगाने तथा लंबित मामलों की शीघ्र जांच पूर्ण करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। महिलाओं और बच्चों के खिलाफहोने वाले अपराधों पर भी विशेष ध्यान देने पर जोर दिया गया एवं ऐसे अपराधों की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाए जाने और पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान करने के निर्देश दिये।

बदमाशों, असामाजिक तत्वों एवं किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार जैसे नशीले पदार्थ, जुआ, सट्टा, आबकारी, आर्म्स के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए भी उपायों पर चर्चा की गई तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान संबंधित अभियानों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे अभियानों की प्रगति की समीक्षा की जाकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# बैठक 14 फरवरी को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि निर्वाचन विभाग जयपुर के निर्देशानुसार विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी को किया जाना प्रस्तावित है। अंतिम प्रकाशन के संबंध में आवश्यक चर्चा किए जाने तथा मतदाता सूचियों की प्रतियां उपलब्ध करवाए जाने के लिए 14 फरवरी को प्रातः 11 बजे बैठक आयोजित की जाएगी।

## आम-सूचना

मेरे पिताजी रामकुमार सिंह पुत्र मालाराम के नाम से तीन वाहन क्रमशः कार नं. आर.जे. 18 सी.एफ. 7346, मोटर साईकिल नं. आर.जे. 18 बी.एस. 0620, मोटर साईकिल नम्बर आर.जे. 18 वी.एस. 3243 है। यह कि मेरे पिताजी का निधन हो चुका है। अब उक्त वाहनों में से मैं मेरी बहन सुमन देवी के नाम से वाहन कार नं. आर.जे. 18 सी.एफ. 7346 व भाई अशोक कुमार के नाम मोटर साईकिल नं. आर.जे. 18 बी.एस. 0620 एवं अनिल कुमार के नाम से मोटर साईकिल नम्बर आर.जे. 18 वी.एस. 3243 के नाम करवाना चाहता हूं। अगर किसी को आपत्ति हो तो डीटीओ कार्यालय झुन्झुनू में सात दिवस में अपनी आपत्ति दर्ज करावें।

**अनिल कुमार पुत्र स्व. रामकुमार सिंह, जाति-जाट**
**निवासी-कोलिण्डा का बास, तहसील-बिसाऊ,**
**जिला-झुंझुनू (राज.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत झाझड़
## पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं

क्रमांक : ग्रा.प./लेखा/निविदा/2025-26/41-42 दिनांक :- 03.02.2026

**ई-निविदा सूचना 03/2025-26**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत झाझड़ के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र झाझड़ के उपर अटल ज्ञान केन्द्र भवन एवं सीढ़ी निर्माण कार्य हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तिथि व समय | 02-02-2026, प्रातः 10:00 बजे से 11-02-2026, सांय 6:00 बजे तक। |
| निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | 11-02-2026 सायं 6:00 बजे तक। |
| दस्तावेज भौतिक रूप से जमा कराने की तिथि व समय | 12-02-2026 दोपहर 12:00 बजे तक। |
| आनलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 12-02-2026 दोपहर 02:00 बजे। |

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र झाझड़ के उपर अटल ज्ञान केन्द्र भवन एवं सीढ़ी निर्माण कार्य | 8.00 | ZJU2526A0708 | ZJU2526WSOB 01227 | 2026_PRD_ 534934_1 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत झाझड़ से व्यक्तिशः अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत झाझड़
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत झाझड़
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

## सम्पादकीय

# बन गई बिगड़ी बात, भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील फाइनल



अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को 18 प्रतिशत किए जाने की घोषणा और उसका भारतीय प्रधानमंत्री की ओर से स्वागत करने से यह स्पष्ट हो गया कि आखिरकार डोनाल्ड ट्रंप को यह आभास हो गया कि भारत उनके अनुचित दबाव में झुकने वाला नहीं है। उन्होंने भारत को दबाव में लेने के लिए तमाम जतन किए, लेकिन वे इसलिए नाकाम रहे, क्योंकि भारत ने उनसे उलझने के स्थान पर संयम और दृढ़ता का परिचय दिया। 18 प्रतिशत टैरिफ का मतलब है कि भारत अमेरिका से व्यापार के मामले में अपने कई प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले बेहतर स्थिति में होगा। ट्रंप ने भारत पर लगाए गए पारस्परिक टैरिफ को 25 से 18 प्रतिशत तो किया ही, रूस से तेल खरीदने के कारण लगाए गए अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ को पूरी तरह हटाया भी। उन्होंने इसी के साथ यह भी कहा कि भारत अब वेनेजुएला से तेल खरीदेगा और रूस से तेल आयात बंद करेगा। उनकी इस घोषणा के पहले भारतीय प्रधानमंत्री की वेनेजुएला की राष्ट्रपति से बात हुई थी। शायद इसके बाद ही अमेरिका से व्यापार समझौते को लेकर बिगड़ी बात बनी। यदि भारत को उचित मूल्य पर वेनेजुएला से तेल मिलता है तो इसमें हर्ज नहीं। आखिर वह पहले भी उसके साथ-साथ ईरान से तेल खरीदता ही था। भारत के लिए यह संभव नहीं था कि वह रूस से तेल खरीद का विकल्प मिले बिना उससे तेल लेना बंद कर देता। देखना है कि भारत को उतना तेल वेनेजुएला से मिल पाता है या नहीं, जितना वह रूस से लेता था? इसके साथ ही इस प्रश्न का उत्तर भी सामने आना शेष है कि क्या भारत को अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ शून्य करना होगा और क्या अमेरिका से 500 अरब डालर की खरीद करनी होगी, जैसा कि ट्रंप कह रहे हैं।

वास्तव में कई सवालों के जवाब तभी सामने आएंगे, जब व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होंगे, लेकिन इतना तो है ही कि अमेरिका से व्यापार का जो दरवाजा बंद सा हो गया था, वह खुल गया और भारत के तीव्र विकास का मार्ग प्रशस्त हो गया। अब देश में कारोबारी माहौल सुधरेगा। शेयर बाजार ने इसके संकेत देने भी शुरू कर दिए हैं। चूंकि ट्रंप बढ़-चढ़कर दावा करते रहते हैं, इसलिए यह मानकर चला जाना चाहिए कि अमेरिका से व्यापार समझौता ठीक वैसा नहीं होगा, जैसा वे कह रहे हैं। इसका संकेत वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के इस कथन से मिलता है कि भारत अपने प्रतिस्पर्धियों से बेहतर व्यापार समझौता करने जा रहा है। अच्छा हो कि इस समझौते को अंतिम रूप देते समय अमेरिका को यह संदेश दे दिया जाए कि उसने पिछले छह माह में भारत से जैसा व्यवहार किया, उसके चलते उस पर भरोसा डिगा है।

## विशेष आलेख

# भारत वसुधैव कुटुम्बकम के भाव के साथ मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न कर रहा है

दिनांक 27 जनवरी 2026 को यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के साथ भारत ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है। अब, इस समझौते की शर्तों को इन देशों की संसद द्वारा पारित किया जाएगा, इसके बाद यह मुक्त व्यापार समझौता यूरोपीय यूनियन एवं भारत के बीच होने वाले विदेशी व्यापार पर लागू हो जाएगा। इस मुक्त व्यापार समझौते को मदर आफ ऑल डील्स कहा जा रहा है। क्योंकि, यह मुक्त व्यापार समझौता विश्व के 28 देशों के उस भूभाग पर लागू होने जा रहा है, जहां विश्व की 30 प्रतिशत आबादी निवास करती है। पृथ्वी के इस भूभाग पर 200 करोड़ से अधिक नागरिकों का निवास है। इन 28 देशों की संयुक्त रूप से विश्व के कुल सकल घरेलू उत्पाद में 25 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। विश्व की दूसरी सबसे बड़ी (संयुक्त रूप से) अर्थव्यवस्था (यूरोपीय यूनियन - 22 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर) एवं चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (भारत - 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर) के बीच यह मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न होने जा रहा है। वैश्विक स्तर पर होने वाले विदेशी व्यापार में इन समस्त देशों की हिस्सेदारी 33 प्रतिशत है। पूरी दुनिया में 33 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का विदेशी व्यापार होता है, इसमें से 11 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का विदेशी व्यापार उक्त 28 देशों द्वारा किया जाता है।

उक्त वर्णित मुक्त व्यापार समझौता विश्व का सबसे बड़ा व्यापार समझौता है। इसके पूर्व, सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते के रूप में चीन एवं 10 आशियान देशों के बीच सम्पन्न हुए मुक्त व्यापार समझौते को माना जाता है। यह केवल एक मुक्त व्यापार समझौता नहीं बल्कि यूरोपीय यूनियन के 27 देशों एवं भारत के बीच साझा समृद्धि का एक ब्लूप्रिंट है। इस समझौते में पूरी दुनिया की आर्थिक दशा एवं दिशा बदलने की क्षमता है। उक्त व्यापार समझौता को सम्पन्न करने के प्रयास पिछले 18 वर्षों से हो रहे थे। परंतु, कुछ विपरीत परिस्थितियों के चलते इस समझौते को सम्पन्न होने में इतना लम्बा समय लग गया है, अतः यह अब भारत एवं यूरोपीय यूनियन के 27 देशों के बीच एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। उक्त मुक्त व्यापार समझौते के सम्पन्न होने के पश्चात वर्ष 2032 तक यूरोपीयन यूनियन के सदस्य देशों एवं भारत के बीच विदेशी व्यापार के दुगना होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इसके पूर्व भारत एवं यूनाइटेड किंगडम के बीच भी मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न किया जा चुका है। अब कनाडा के प्रधानमंत्री भी संभवतः मार्च माह में भारत के दौरे पर आने वाले है और भारत एवं कनाडा के बीच भी कुछ क्षेत्रों में व्यापार समझौता सम्पन्न होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। अमेरिका मुक्त व्यापार समझौतों को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, जबकि भारत मानवतावादी दृष्टिकोण को अपनाते हुए विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है ताकि भारत एवं अन्य समस्त देशों में निवासरत नागरिकों को इन समझौतों से लाभ



मिले। यह भारतीय संस्कृति के वसुधैव कुटुम्बकम के भाव को दर्शाता है। भारत की इस नीति के चलते ही विश्व के कई देश अब भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते शीघ्र ही सम्पन्न करना चाह रहे हैं। वैश्विक स्तर पर हाल ही के समय में आर्थिक क्षेत्र में भारी उथल पुथल दिखाई दे रही है। भारत एवं यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के बीच सम्पन्न हुए मुक्त व्यापार समझौते से इस उथल पुथल में कुछ सुधार आता हुआ दिखाई देगा।

भारत में कृषि एवं डेयरी क्षेत्र अतिसंवेदनशील है। क्योंकि, भारत की कुल आबादी का लगभग 60 प्रतिशत भाग आज भी ग्रामीण इलाकों में उक्त क्षेत्रों पर अपनी आजीविका के लिए निर्भर है। अतः उक्त दोनों क्षेत्रों को मुक्त व्यापार समझौते से बाहर रखा गया है। हां, भारत के समुद्री उत्पाद उद्योग, वस्त्र एवं परिधान उद्योग, जेम्स एवं ज्वेलरी उद्योग, चमड़ा उद्योग, खिलौना उद्योग जो श्रम आधारित उद्योग हैं, को उक्त मुक्त व्यापार समझौते से अधिकतम लाभ होगा क्योंकि यूरोपीय यूनियन के समस्त 27 देशों द्वारा भारत से उक्त उत्पादों के आयात पर आयात ड्यूटी को शून्य किया जा रहा है। वर्तमान में भारत से समुद्रीय उत्पादों के निर्यात पर 26 प्रतिशत का आयात कर लगाया जाता है, जिसे मुक्त व्यापार समझौता के लागू होने के पश्चात शून्य कर दिया जाएगा। इसी प्रकार, वस्त्र एवं परिधान के आयात पर वर्तमान में लागू 12 प्रतिशत के आयात कर को शून्य किया जा रहा है, खिलौना पर लागू 4.7 प्रतिशत के आयात कर को शून्य, जेम्स एवं ज्वेलरी के आयात पर 4 प्रतिशत से शून्य, केमिकल उत्पादों के आयात पर 12.8 प्रतिशत से शून्य, चमड़ा से निर्मित उत्पादों के आयात पर 17 प्रतिशत से शून्य, फर्नीचर उत्पादों के आयात पर 10.7 प्रतिशत से शून्य आयत कर किया जा रहा है। यूरोपीय यूनियन के 27 देश, जो विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हैं, में जन्म दर पिछले कई वर्षों से लगातार गिर रही है एवं कुछ देशों में तो यह शून्य के स्तर पर पहुंच गई है जिससे इन देशों में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सेवा क्षेत्र में कार्य करने वाले नागरिकों का इन देशों में नितांत अभाव दिखाई देता है। अतः इन देशों में श्रमबल की भारी कमी है। उक्त मुक्त व्यापार समझौते के सम्पन्न होने के पश्चात भारतीय नागरिकों को यूरोपीय यूनियन के समस्त 27 देशों में तकनीकी क्षेत्र, चिकित्सा क्षेत्र, निर्माण क्षेत्र, सेवा क्षेत्र, आदि में रोजगार के भारी मात्रा में अवसर प्राप्त होंगे। इन समस्त देशों द्वारा भारतीय नागरिकों को वीजा प्रदान करने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा। युनाईटेड किंगडम, जर्मनी, फ्रान्स आदि जैसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं जैसे देशों में भारतीय इंजिनीयरों एवं डाक्टरों की भारी मांग है।

उक्त देशों द्वारा भारतीयों के परिवार के सदस्यों को रोजगार प्रदान करने के अवसर भी प्रदान करने सम्बंधी प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा। भारतीय विद्यार्थियों द्वारा यूरोपीय यूनियन के सदस्य देशों के विश्वविद्यालयों में अपनी शिक्षा समाप्त करने के उपरांत 9 माह से 12 माह तक का समय रोजगार तलाशने के लिए प्रदान किया जाएगा। इस समयावधि तक भारतीय युवाओं को इन देशों में प्रवास की अनुमति प्रदान की जाएगी।

भारतीय कारीगरों के लिए अब वैश्विक बाजार खुल रहा है। साथ ही, भारत अब विनिर्माण इकाईयों का वैश्विक केंद्र बन सकता है। क्योंकि, यूरोपीयन यूनियन के समस्त देश विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हैं एवं वे अपनी सम्पत्ति/पूंजी का निवेश भारत में विनिर्माण इकाईयों में कर सकते हैं एवं कुछ लाभप्रद क्षेत्रों में वे अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना भी कर सकते हैं। अधिक उत्पादन इकाईयों की स्थापना से भारत में रोजगार के अधिक अवसर भी निर्मित होंगे। इससे भारत में बेरोजगारी की समस्या का हल भी निकलता हुआ दिखाई दे रहा है।

भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को इस दृष्टि के साथ सम्पन्न किया जा रहा है ताकि इससे भारत के किसान, मजदूर, कारीगर, पेशेवर नागरिकों एवं सूक्ष्म, छोटे एवं मध्यम उद्योगों को विशेष लाभ हो। यूरोपीयन यूनियन के समस्त 27 देशों में वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र का आकार 26,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है, इससे भारत से वस्त्र एवं परिधान का निर्यात वर्तमान में 64,000 करोड़ रुपए से बढ़कर 3 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

## आज का राशिफल

### मेष
नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए। नवीन उपलब्धियों की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

### वृष
यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। प्रयास की मात्रा के अनुसार लाभ की अधिकता रहेगी। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें।

### मिथुन
संपति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा। व्यापारिक निर्णय लेने में देर नहीं करें।

### कर्क
क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दु:खद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं। परिवार में कलह-कलेश का माहौल रह सकता है। दूर यात्रा की योजना बन सकती है।

### सिंह
नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा। खानपान पर नियंत्रण रखें।

### कन्या
रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा। संतान के कार्यों पर नजर रखें। प्रचार-प्रसार से दूर रहें। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

### तुला
मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। अभिष्ट कार्य की सिद्धि के योग हैं। उलझनों से मुक्ति मिलेगी।

### वृश्चिक
कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नेतृत्व गुण की प्रधानता के कारण प्रशासन व नेतृत्व संबंधी कार्य सफल होंगे। शत्रुओं से सावधान रहें।

### धनु
मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा। सगे-संबंधी मिलेंगे। पठन-पाठन में मन लगेगा।

### मकर
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी। संपति के लेनदेन में सावधानी रखें। विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा।

### कुंभ
वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ के योग हैं। स्थायी संपति क्रय करने के योग बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से भेंट होगी।

### मीन
वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें। विवादों से दूर रहना चाहिए। आर्थिक प्रगति में रुकावट आ सकती है।

## स्वास्थ्य समाचार

# इन योग मुद्राओं से सेहत को मिलते हैं यह फायदे, दूर होंगी कई बीमारियां

योग न सिर्फ शरीर को बल्कि मन को भी स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाता है। तरह-तरह के योग आसन होते हैं। अगर सही तरह से और नियमित रूप से योग आसन किए जाए, तो शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, लचीलापन बढ़ता है और सेहत को कई तरह के अन्य फायदे भी होते हैं। आसनों की ही तरह योग में मुद्राओं का भी विशेष महत्व होता है। आमतौर पर मेडिटेशन करते समय इन मुद्राओं का उपयोग किया जाता है। आप चाहें, रोजाना विभिन्न किस्म की मुद्राओं का अभ्यास कर सकते हैं।





### ज्ञान मुद्रा
हर उम्र वर्ग के लिए यह मुद्रा काफी उपयोगी है। खासकर बुजुर्गों को ज्ञान मुद्रा करनी चाहिए। इससे उन्हें अपनी ऊर्जा केंद्रित करने में मदद मिलती है। इससे एकग्रता और मानसिक क्षमता बेहतर होती है। इसके अलावा, यह याददाश्त को दुरुस्त रखने में भी काफी सहयोग करता है। कुछ योगियों का मानना है कि ज्ञान मुद्रा से मन का डर दूर होता है और सुरक्षात्मक भावना भी प्रबल होती है।

### वायु मुद्रा
जैसा कि नाम से स्पष्ट है यह मुद्रा शरीर में वायु तत्व को स्थिर बनाए रखने में मदद करता है। वायु मुद्रा की मदद से पेट से जुड़ी बीमारियां ठीक होती हैं, शरीर में हो रहे दर्द से छुटकारा मिलता है और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होने में भी मदद मिलती है। यही नहीं, वायु मुद्रा की मदद से हार्मोन नियंत्रण में रहते हैं, जिससे त्वचा, नाखून और बाल से जुड़ी कई तरह की बीमारियों दूर होती हैं। इसके अलावा, यह गर्दन की अकड़न को कम करने और पार्किंसंस रोग के मामले में मदद करने में भी सहायक हो सकता है।

### अग्नि मुद्रा
अग्नि मुद्रा का अभ्यास करने से भी स्वास्थ्य पर बहुत ही सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस मुद्रा के नियमित अभ्यास से शरीर में मौजूद पृथ्वी तत्व को खत्म किया जाता है और अग्नि तत्व को बढ़ावा मिलता है। इस मुद्रा के रोजाना अभ्यास से अवसाद, थायराइड ग्लैंड, कोलेस्ट्रॉल, मोटापा, बुखार और कब्ज जैसी कई समस्याओं से राहत मिलती है। डायबिटज के मरीजों के लिए यह खासकर उपयोगी मुद्रा है।

### वरुण मुद्रा
जो लोग कोलेस्ट्रॉल की समस्या से ग्रस्त रहते हैं, उन्हें वरुण मुद्रा का अभ्यसास करना चाहिए। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बैलेंस करने, पेट के अल्स के जोखिम को कम करने में महत्सपूर्ण भूमिका अदा करता है। इसके अलावा, इस मुद्रा को करने की वजह से शरीर में मौजूद टॉक्सिंस बाहर निकल जाते हैं, जिससे शरीर को ओवर ऑल फायदा होता है। यह मुद्रा खून को शुद्ध करने में भी मदद करता है।

### प्राण मुद्रा
प्राण मुद्रा को सिर्फ शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी बहुत फायदेमंद मुद्रा माना जाता है। नियमित रूप से इस मुद्रा का अभ्यास करने से कमजोर रोग-प्रतिरोधक क्षमता बेहतर होती है। इसके अलावा, जिनकी आंखें कमजोर हैं, शरीर में ऐंठन हैं, पैरों में दर्द है और ब्लड सर्कुलेशन सही से नहीं होता है, उन्हें भी प्राण मुद्रा का नित अभ्यास करना चाहिए।

# आंखों के नीचे काले घेरे का कारण हो सकती हैं यह गलत आदतें, आज ही बदलें इन्हें

क्या डार्क सर्कल कम करने के लिए आप भी तरह-तरह के उपाय आजमाते हैं? इस सबके बावजूद डार्क सर्कल कम नहीं होते हैं? दरअसल, डार्क सर्कल कम करने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि आप डार्क सर्कल होने की वजह को जानें और फिर उस पर काम करें। डार्क होने की मूल वजह आपकी खराब जीवनशैली ही नहीं, बल्कि खराब आदतें भी हैं। डार्क सर्कल को कम करने के लिए उन आदतों में सुधार करना जरूरी है।



**आंखों को मलना :** लोगों की अक्सद आदत होती है, वे अपने आंखों को रगड़ने या मलने लगते हैं। शायद आपको पता न हो, आंखों को बार-बार अपनी हाथों से छूने की वजह से आंखों के नीचे डार्क सर्कल बढ़ सकते हैं। इसके साथ ही, आंखों के नीचे स्क्रैच या अन्य समस्याएं भी हो सकती हैं। इसलिए कोशिश करें कि आप आंखों न मलें।

**स्क्रीन पर समय बिताना :** फोन या लैपटॉप पर लोगों ने बहुत ज्यादा समय बिताना शुरू कर दिया है। इसका बहुत बुरा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसके साथ ही, जब आप देर रात तक जगकर स्क्रीन पर समय गुजारते हैं, जो इससे आंखें न सिर्फ कमजोर होती हैं, बलिक डार्क सर्कल भी बढ़ने लगते हैं।

**पानी कम पीना :** एसी में ज्यादातर समय बिताने के कारण यह समस्या होती है कि लोगों को प्यास नहीं लगती, जिस वजह से शरीर में डिहाइड्रेशन होने लगता है। जब शरीर में पानी कमी होने लगती है, जो इससे कई तरह की परेशानी होने लगती हैं, जिनमें से एक है डार्क सर्कल होना। कहने का मतलब यह है कि खूब पानी पिएं, ताकि डार्क सर्कल कम हो सकें।

**स्मोक करना :** मॉडर्निटी के नाम पर पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी स्मोक करना शुरू कर दिया है। इससे कैंसर जैसी घातक बीमारियां तो हो ही सकती हैं, साथ ही कई तरह की छोटी-छोटी समस्याएं भी आपको परेशान कर सकती हैं। इन्हीं में डार्क सर्कल होना भी शामिल है। आप अपनी इस आदत को खत्म करके, खुद को बेहतर स्वास्थ्य का उपहार दे सकते हैं।

**ज्यादा मात्रा में नमक का सेवन करना :** खाने में नमक की मात्रा हमेशा कम होनी चाहिए। लेकिन, अब लोग स्वाद के नाम पर बहुत ज्यादा चटपटा और अनहेल्दी आहार खाते हैं। इनमें सॉल्ट यानी नमक की मात्रा काफी ज्यादा होती है। नमक का अतिरिक्त सेवन करने से भी आंखों के नीचे काले घेरे बढ़ जाते हैं।

**समय पर न सोना :** आज की युवा पीढ़ी रात को जगती है और दिन में सोती है। यही नहीं, काम के प्रेशर की वजह से रात को नींद भी नहीं लेती है। आपकी यही आदत, आपके डार्क सर्कल को बढ़ाती है। विशेषज्ञ भी यह सलाह देते हैं कि अच्छी नींद लें और सही समय पर सोएं।

# ज्यादा मात्रा में न करें खूबकला का सेवन, हो सकते हैं यह नुकसान



खूबकला एक पौधा है, जिसकी पत्तियों, तनों, बीजों और फूलों का उपयोग औषधि के लिए किया जाता है। लेकिन आयुर्वेद में सबसे ज्यादा खूबकला के बीजों का उपयोग किया जाता है। खूबकला के बीज पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। आपको बता दें कि खूबकला के बीजों में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, इसलिए इनका उपयोग कई तरह की बीमारियों का इलाज करने के लिए किया जाता है। आयुर्वेद में मूत्र पथ इंफेक्शन, खांसी, क्रोनिक ब्रोंकाइटिस, बुखार और सूजन जैसी समस्याओं में इन बीजों का सेवन करना फायदेमंद माना जाता है। लेकिन अगर आप इन बीजों का अधिक मात्रा में सेवन करते हैं, जो सेहत को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।

**पित्त बढ़ना :** खूबकला के बीजों की तासीर बेहद गर्म होती है। इन बीजों के अधिक सेवन से शरीर में गर्मी बढ़ सकती है। खासकर, जिन लोगों की पित्त प्रकृति है, उनकी दिक्कत बढ़ सकती है। इसके अलावा, गर्मी के मौसम में भी खूबकला के बीजों का ज्यादा सेवन करना नुकसानदायक हो सकता है। इसलिए गर्मी और पित्त बढ़ने पर आपको इन बीजों के सेवन से बचना चाहिए। ज्यादा मात्रा में खूबकला खाने से एसिडिटी, रैशेज और खुजली जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**प्रेगनेंसी में नुकसानदायक :** प्रेगनेंसी में भी खूबकला के बीजों का सेवन करना नुकसानदायक हो सकता है। आयुर्वेद में गर्भावस्था के दौरान खूबकला का सेवन करना असुरक्षित माना गया है। इसलिए अगर आप गर्भवती हैं या फिर स्तनपान करवाती हैं, तो खूबकला के बीज खाने से बचें।

**उल्टी और मतली :** खूबकला के बीजों का सेवन करने से आपको उल्टी और मतली जैसे साइड इफेक्ट्स भी महसूस हो सकते हैं। दरअसल, इन बीजों में कार्डियक ग्लाइकोसाइड्स नामक कैमिकल होते हैं, जो उल्टी, दस्त और सिरदर्द जैसी समस्याओं का कारण बन सकते हैं। इसलिए अगर आप पहले से ही इन समस्याओं से परेशान हैं, तो इन बीजों से परहेज करें।

**हृदय रोग :** खूबकला के बीजों में मौजूद कार्डियक ग्लाइकोसाइड्स हृदय रोगों का जोखिम बढ़ा सकते हैं। वहीं, अगर किसी व्यक्ति को पहले से ही कोई हृदय रोग है, तो खूबकला खाने से उनकी स्थिति ज्यादा खराब हो सकती है। इसलिए इस स्थिति में खूबकला का सेवन करने से बचना चाहिए।

## पोस्टर का किया विमोचन



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ के शास्त्री नगर स्थित पोद्दारों की बगीची में विवेकानंद बस्ती के आगामी 14 फरवरी को होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन संतोषदास की बगीची के संत मस्तगिरि महाराज का पावन सान्निध्य हुआ। मस्तगिरि महाराज ने 14 फरवरी को सकल हिन्दू समाज द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस विराट हिन्दू सम्मेलन में सभी सनातन प्रेमियों को शामिल होने हेतु आह्वान किया। इस अवसर पर मदन लाल कम्मा, सीताराम बबेरवाल, किशन लाल गहलोत, मोहनलाल बबेरवाल, कैलाश चौधरी, वासुदेव चाकलान, देवकिशन सोनी, मनोज सारस्वत, महेश कुमार लुंडीया, सुरेश सेवदा, नवरत्न महर्षि, अरविंद मिश्रा, नवरत्न कम्मा, हिमांशु मालपुरिया, चंद्रकला देवी, राजेश्वरी देवी, सरोज देवी आदि उपस्थित रहे।

## पालिका की लापरवाही, नई सड़क बनी जी का जंजाल

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** शहर में नगरपालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। हाल ही में श्री गांधी बाल निकेतन और श्री रघुनाथ स्कूल के बीच नगरपालिका कार्यालय के पास बनी नई सड़क आमजन के लिए सुविधा के बजाय मुसीबत का सबब बन गई है।

सड़क निर्माण में बरती गई भारी खामियों के कारण यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। मौके पर स्थिति यह है कि सड़क के ठीक बीचों-बीच बना सीवरेज चैंबर सड़क की सतह से करीब आधा से एक फीट तक ऊंचा है। इस वजह से वाहन चालकों विशेषकर दुपहिया वाहनों को अचानक ब्रेक लगाने पड़ते हैं या वाहन असंतुलित होकर गिरने का डर बना रहता है। स्थानीय निवासियों के अनुसार बरसात के दिनों में जब सड़क पर पानी भर जाता है तो यह चैंबर दिखाई नहीं देता और बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। सड़क के दोनों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नगरपालिका कार्यालय से महज 50 से 100 मीटर की दूरी पर स्थित होने के बावजूद यहां सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। नालियां कचरे और प्लास्टिक से अटी पड़ी हैं, जिससे गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है। सड़कों के किनारे कूड़े के ढेर लगे हैं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन इस मार्ग से हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। एंबुलेंस और स्कूल बसें भी इसी रास्ते का उपयोग करती हैं लेकिन प्रशासन की आंखें मुंद कर बैठा है।

नवनिर्मित सड़क पर इस तरह की तकनीकी लापरवाही और सफाई का अभाव नगरपालिका की गंभीरता पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द सीवरेज चैंबरों को सड़क के स्तर पर किया जाए और नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, अन्यथा किसी बड़ी अनहोनी के लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा।

## गिरदावर सर्किल पर आयोजित होंगे ग्राम उत्थान शिविर

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले किसानों, पशुपालकों व नागरिकों की समस्याओं का निदान गांव में ही हो, इस बात को लेकर गिरदावर सर्किल पर एक दिवसीय विशेष ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। सीकर जिले में 23 जनवरी 2026 को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर इन शिविरों की शुरूआत की गई है। जिला कलक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार सीकर जिले में 5 से 9 फरवरी को प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किये जायेंगे। इसमें कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित संबंधित विभागों की सहभागिता से कृषकों एवं पशुपालकों सहित ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाते हुए लाभान्वित किया जायेगा।

### आज व कल इन गिरदावर सर्किल पर लगेंगे शिविर

जिला कलक्टर ने बताया कि 5 फरवरी को रामगढ़ शेखावाटी तहसील ढांढण, लक्ष्मणगढ़ तहसील जाजोद, सीकर तहसील गुंगारा, धोद तहसील माण्डोता, दांतारामगढ़ तहसील जीणमाता, खण्डेला तहसील कांवट, श्रीमाधोपुर तहसील अजीतगढ़, नीमकाथाना तहसील चला में आयोजित किया जाएगा। 6 फरवरी को रामगढ़ शेखावाटी तहसील रामगढ़, लक्ष्मणगढ़ तहसील पाटोदा, सीकर तहसील दादिया, हर्ष, दांतारामगढ़ तहसील डूकिया, खण्डेला तहसील बासड़ी, श्रीमाधोपुर तहसील झाडली, नीमकाथाना तहसील भूदोली में ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किये जायेंगे।

## निर्वाचन विभाग से संबंधित अभिलेखों की सूचना प्राप्त करने के लिए अंतिम तिथि 10 फरवरी

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर रतन कुमार ने बताया कि निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन भंडार तथा जिले के समस्त ईआरओ कार्यालयों में उपलब्ध नाकारा एवं अनुपयोगी रद्दी सामग्री की नीलामी की प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है। इस क्रम में आमजन को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को विधानसभा, लोकसभा, पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के आम अथवा उपचुनावों से संबंधित वर्ष 2019 तक के चुनावी कार्य से जुड़े किसी भी प्रकार के दस्तावेजों की जानकारी अथवा उनकी प्रतिलिपि प्राप्त करनी हो तो वह 10 फरवरी तक कार्यदिवसों में कार्यालय समय के दौरान जिला निर्वाचन कार्यालय (स्टोर), सीकर में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर सूचना प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि 10 फरवरी के पश्चात वर्ष 2019 से पूर्व के किसी भी प्रकार के अभिलेखों अथवा सूचनाओं को उपलब्ध कराना संभव नहीं होगा।

# भगवान पदम प्रभु के मोक्ष कल्याणक पर उमड़ेगा श्रद्धालुओं का सैलाब

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जैन धर्म के छठे तीर्थंकर भगवान पदम प्रभु के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर विश्व प्रसिद्ध दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा बाड़ा जहाजपुर में गुरुवार को भव्य धार्मिक आयोजन होंगे। भारत गौरव गणिनी आर्यिका 105 स्वस्ति भूषण माताजी ससंघ के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। इस मौके पर भगवान पदमप्रभु के मोक्ष कल्याणक महोत्सव, पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए मुख्य पात्र निर्धारण समारोह एवं पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन किया गया।

क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर जैन दौसा एवं मानद मंत्री एडवोकेट हेमंत सोगानी ने बताया कि गुरुवार प्रात: 7 बजे मूलनायक भगवान पदम प्रभु का मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक एवं विश्व शांति की कामना से शांतिधारा होगी। 7:30 बजे संगीतमय निर्वाण पूजा तथा 8:15 बजे मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू अर्पित किया जाएगा। क्षेत्र कमेटी के कोषाध्यक्ष राजकुमार कोठारी के अनुसार प्रात: 10:15 बजे भगवान पदम प्रभु की खडगासन प्रतिमा का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। पंचामृत अभिषेक के पश्चात गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी ससंघ के सानिध्य में पंचकल्याणक पात्र निर्धारण समारोह आयोजित होगा। इसमें पंचम पट्टाचार्य आचार्य 108 वर्धमान सागर महाराज ससंघ 32 पिच्छीका एवं गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी ससंघ के सानिध्य में 18 से 22 फरवरी तक होने वाले पदमपुरा पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रमुख पात्रों का चयन किया जाएगा। आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ का पदमपुरा के लिए मंगल विहार जारी है तथा रविवार 8 फरवरी को दोपहर 3:15 बजे चाकसू व शिवदासपुरा मार्ग से भव्य जुलूस के साथ मंगल प्रवेश होगा। वहीं साधना महोदधि अन्तर्मना आचार्य 108 प्रसन्न सागर महाराज ससंघ का आगमन 9 फरवरी को होगा। इस दौरान तीन दिगम्बर जैन संघों के 51 संतों एवं आर्यिकाओं का पदमपुरा में ऐतिहासिक मिलन होगा। मुख्य संयोजक राजकुमार कोठ्यारी ने बताया कि 18 फरवरी को ध्वजारोहण से पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ होगा। इस दिन गर्भ कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा।

19 फरवरी को जन्म कल्याणक, 20 फरवरी को तप कल्याणक, 21 फरवरी को केवल्य ज्ञान कल्याणक तथा 22 फरवरी को मोक्ष कल्याणक के साथ समापन होगा। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए जयपुर शहर से आने जाने के लिए सभी कालोनियों से बसे लगाई जाएगी।

## महावीर इंटरनेशनल द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहायता



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** महावीर इंटरनेशनल झुंझुनू द्वारा डाबड़ी गांव की सरकारी स्कूल में कक्षा 1 से 8 तक के 50 बच्चों को जूते-जुराब, स्टेशनरी किट, स्नेक्स किट का वितरण वीर पवन कुमार कुमावत के आर्थिक सौजन्य से किया गया। इस नेक कार्य की वीरा मंजू कुमावत, वीरा डॉक्टर नीरू खींचा, वीरा शकुंतला पुरोहित, वीरा नीतू अग्रवाल, वीरा मीनाक्षी शर्मा कार्यक्रम की साक्षी बनी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीर सत्यदेव दड़िया ने की। कार्यक्रम में उपस्थित वीर जाकिर अली सिद्दीकी ने बच्चों को तंबाकू से बचने तथा कैंसर की रोकथाम के बारे में बताया।

कार्यक्रम में वीर गोविंद कुमावत, वीर डॉक्टर मनोज, वीर मदन सिंह प्रेमी, वीर विनोद कुमार रोहिल्ला, वीर अमित इंदौरिया, एसएमसी अध्यक्ष मनीराम, भामाशाह रामेश्वरलाल जांगिड़, प्रधानाचार्या मुकुलिका शर्मा, मंच संचालन मैनपाल, स्टाफ सदस्य सुनीता, मनीषा, सुनीता कुमारी, संगीता, कल्पना, उजाला, चन्द्रकला, मनीष कुमार, धर्मपाल महला, प्रदीप कुमार, अशोक कुमार, जितेन्द्र कुमार, अरविन्द, संदीप कुमार एवं कपिल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में महावीर इंटरनेशनल झुंझुनू के सचिव वीर पुष्कर जांगिड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मोयीवाल का किया अभिनन्दन



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता भवानीशंकर मोयीवाल का बुधवार को निजी होटल में जयपुर से बीकानेर जाते हुए अल्प प्रवास पर पधारने पर भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद इंदौरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मोयीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा की सरकार आने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करते हुए बंपर भर्तियां खोली जा रही है साथ ही पेपर लीक होने बंद हो गए हैं, पेपर लीक माफिया पर सरकार द्वारा कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इस अवसर पर रमेश कुमार पारीक, राकेश शर्मा, हनुमान बारवाल, नारायण दायमा, अनुप पीपलवा, पूरणमल गोदारा, श्रीकृष्ण सैनी, राकेश सिंह, संस्कार शर्मा, परमेश्वर प्रजापत, सुभाष सोनी, जितेंद्र माली, बनवारी प्रजापत, मदन जांगिड़, बीरबल प्रजापत, अनिल मेघवाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्मार्ट बैंकिंग एंड सेफ बैंकिंग अभियान के अंतर्गत शिविर आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा संचालित वित्तीय साक्षरता केंद्र तारानगर और राजस्थान ग्रामीण बैंक द्वारा भालेरी में नरेगा श्रमिकों के साथ भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा चलाए जा रहे स्मार्ट बैंकिंग एंड सेफ बैंकिंग अभियान के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। वित्तीय साक्षरता केंद्र के सेंटर मेनेजर दलजीत सिंह ने साइबर क्राइम की जानकारी देते हुए बताया की किसी भी प्रकार की ठगी, फोन पर धमकाने, ब्लैक मेल, डिजिटल अरेस्ट की शिकायत हमें 1930 पर अपनी तुरंत दर्ज करवानी चाहिए ताकि आर्थिक नुकसान से बचा जा सकें। राजस्थान ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक मुकेश कुमार चाहर ने बताया कि किसी को भी सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी शेयर नहीं करनी चाहिए अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। सहायक प्रबंधक सोनिया सुथार ने अटल पेंशन की जानकारी देते हुए बताया कि 18से 40वर्ष का कोई भी व्यक्ति जो आयकर दाता नहीं हो वह इस पेंशन की स्कीम से जुड़कर लाभ ले सकता है। इस अवसर पर युधिष्ठिर शर्मा, इम्तियाज, किरण कंवर, उमेश कुमार शर्मा, राधा, विमला, धापा, सुनीता, मीरा आदि उपस्थित थे।

# सरकारी स्कूल में रेगुलर आने वाले टॉप 20 विद्यार्थियों का किया सम्मान

हर्ष सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** समीपवर्ती टोंक छिलरी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की संस्था प्रधान संजू नेहरा ने इस बार नवाचार करते हुए स्कूल के टॉप 20 ऐसे विद्यार्थियों का चयन कर उनका सम्मान किया है। जो ना केवल स्कूल में रेगुलर आते है। बल्कि स्कूल ड्रेस के साथ-साथ अनुशासन में रहते हुए पढ़ाई करते है। इन बच्चों को गांव के भामाशाह व शिक्षा प्रेमी विद्याधर मूंड की ओर से सम्मान के रूप में शैक्षणिक सामग्री दी गई। संस्था प्रधान संजू नेहरा ने बताया कि स्कूल के विद्यार्थियों में अनुशासन के साथ रेगुलर स्कूल आने की प्रवृत्ति बढ़ाने के लिए इस बार यह सम्मान शुरू किया गया है। अगले चरण में और भी विद्यार्थियों का क्रमवार सम्मान किया जाएगा। इस मौके पर गणतंत्र दिवस समारोह में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को भी शैक्षणिक सामग्री भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्याधर मूंड ने कहा है कि वे पहले भी स्कूल विकास में सहयोग करते रहे है, आगे भी जब भी जरूरत होगी वे हमेशा तैयार रहेंगे। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन में रहते हुए रेगुलर स्कूल आने का आह्वान किया। इस मौके पर वाइस प्रिंसिपल मोनिका पालीवाल, व्याख्याता संदीप कुमार, अर्पणा सैनी, हरिश कुमार, वरिष्ठ अध्यापक महावीरप्रसाद सैनी, ताराचंद डूडी, सतीश कुमार पालीवाल, रामलखन सैनी, अध्यापक जीवनराम, सज्जन सैनी, रमेशचंद्र, ओम छापोला, शारीरिक शिक्षक कुलदीप, कनिष्ठ सहायक अभिषेक, पंचायत सहायक सुमन शर्मा उपस्थित रहे।

## मनोहर सिंह शेखावत ने दान की एक बीघा भूमि



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** नवनिर्मित पंडित गणेश नारायण नेतभोमिया सुरभि गौशाला में भामाशाह मनोहर सिंह शेखावत ने एक बीघा जमीन दान की है। गौशाला अध्यक्ष हीरानन्द बुगालिया व कार्यकारिणी सदस्यों ने शेखावत परिवार का आभार जताया है। इस मौके पर विजयपाल सिंह शेखावत, शिवनारायण बुगालिया, पवन सिंह शेखावत, नन्दकिशोर स्वामी, हरिराम जांगिड़, पद्मसिंह शेखावत, कैप्टन महेश बुगालिया, महेंद्र केडिया, गौरीशंकर सैनी, महेंद्र बुगालिया आदि मौजूद रहे।

# पीसीबी स्कूल में हुआ 21 भामाशाहों का सम्मान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय राजकीय पीसीबी उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य रणवीर सिंह महरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ए सी बी ओ मंजू पंवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा दान श्रेष्ठ दान है। मंचस्थ अतिथि भामाशाह कौशल्या गुलेरिया, शिक्षाविद् स्नेहप्रभा मिश्रा, हरिप्रसाद तोदी, यंग्स क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा, साहित्यकार डॉ. घनश्यामनाथ कछावा, श्यामसुंदर स्वर्णकार ने कार्यक्रम को संबोधित किया। प्राचार्य रणवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से 21 भामाशाहों का अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र भेंट कर, साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर सम्मान किया। इस अवसर पर इंद्रजीत, रामेश्वरलाल खीचड, कृष्णा गोदारा, दिलीप कुमावत आदि उपस्थित रहे। भामाशाह व अतिथियों का स्वागत सुनीता शर्मा, इकबाल खान, मोहिनी कालेर, अभिषेक चौधरी, राकेश रांकावत, अशोक कुमार, मुकेश कुमार, तपेश शर्मा, गिरधारी लाल, विनोद कुमार, अरविंद कुमार, राजेंद्र सिंह, जितेश झुरिया, विभा सोनी, सुषमा शर्मा, विनीता मीणा, राधा चंदन, अनिल कुमार लांबा, इंद्रजीत भदरवाल आदि ने किया। संचालन शिक्षिका एकता मीणा ने किया। भामाशाह स्व. बजरंगलाल तापड़िया जसवन्तगढ़ को 2 मिनट का मौन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### इन भामाशाहों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में समाजसेवी पवन तोदी, कौशल्या गुलेरिया, ईश्वर सिंह चौधरी, अशोक कुमार प्राध्यापक, पवन कुमार मौसूण, गिरधारी लाल जांगिड, स्नेहप्रभा जयकुमार शर्मा, सुभाषचन्द्र वेदी, देवकी नन्दन शर्मा, सीता राम जिलोया, धर्मराज बटेसर, रामकरण चौधरी, डॉ. शर्मिला प्रकाश सोनी, सुप्रीम फाउण्डेशन जसवन्तगढ़, द धर्मार्थ सेवा संस्थान, इरफान इशाक बडगुजर, अनिल कुमार प्रजापत प्राचार्य, मुन्नालाल ढ़ेनवाल, गोविन्द राम भाटी, राधेश्याम लाटा, श्रवण कुमार सोनी आदि का सम्मान किया गया।

# इमरजेंसी को बगड़िया अस्पताल में ही रखने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सामाजिक कार्यकर्ता बसन्त कुमार बोरड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन प्रेषित कर राजकीय बगड़िया उप जिला अस्पताल में ट्रोमा सेंटर को यथावत् रखे जाने की मांग की है। ज्ञापन में बसंत कुमार बोरड़ ने मुख्यमंत्री को बताया है कि करीब पौने दो लाख की आबादी वाले शहर सुजानगढ़ के तरफ सैकड़ों गांवों के लोग शहर की राजकीय बगडिया उपजिला अस्पताल में ईलाज कराने के लिए आते हैं। यहां पिछले कई दशकों से इमरजेंसी सेवाएं उपलब्ध हैं। अस्पताल में पहले ट्रॉमा सेंटर ऊपर की मंजिल पर था, जिसे हाल ही में नीचे बनाकर व्यवस्थित किया गया। भामाशाह के सहयोग से सभी सुविधाओं में विकसित यह ट्रोमा सेंटर लोगों की पहुंच में है। इन दिनों इस ट्रॉमा सेंटर को शहर के फ्तेहपुरिया सरोवर के पास स्थित फतेहपुरिया जनाना अस्पताल में ले जाए जाने का निर्णय किया गया है, जो गलत है। जनाना अस्पताल की इस जगह पहले ट्रोमा सेंटर बनना प्रस्तावित था। लेकिन राजनीतिक कारणों में यहां ट्रोमा सेंटर नहीं बन पाया। जिसके बाद यहां एमसीएच मातृ शिशु कल्याण केन्द्र बना दिया गया। अब वहां ट्रोमा मेंटर के लिए पर्याप्त जगह ही नहीं बची है। अत: ट्रोमा सेंटरए इमरजेंसी वार्ड को बगड़िया अस्पताल में ही यथावत् रखा जावे।

# राधे-राधे जन सेवा परिवार करेगा 21 को विशाल भंडारे का आयोजन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री गोविंद धाम में राधे.राधे जन सेवा परिवार जयपुर की ओर से आयोजित होने वाले नवम विशाल भंडारे के पोस्टर का विधिवत विमोचन किया गया। यह भंडारा आगामी 21 फरवरी को विश्वकर्मा रोड नंबर-4 पर आयोजित होगा। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम श्री गोविंद धाम में मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की शुरुआत विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुई। जिसमें भंडारे के सफल आयोजन एवं जनकल्याण की कामना की गई। इस अवसर पर श्री गोविंद धाम के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने राधे-राधे जन सेवा परिवार के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का माला, दुपट्टा एवं प्रसाद भेंट कर सम्मान किया।

उन्होंने सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सेवा, समर्पण और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। राधे-राधे जन सेवा परिवार के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं आमजन लाभान्वित होते हैं। इस वर्ष आयोजित होने वाला यह नवम भंडारा भी सेवा और सद्भाव का प्रतीक बनेगा। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में धर्म प्रचारक विजय शंकर पांडेय, रोहित अग्रवाल, हिमांशु तांबी, सतपाल यादव, टोनी बारी, गीता खंडेलवाल, रश्मि तांबी एवं काव्या यादव सहित संस्था से जुड़े कई कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भंडारे की सफलता के लिए सामूहिक प्रार्थना की।

## इंडिया स्टोन मार्ट का मुख्यमंत्री शर्मा करेंगे उद्घाटन



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** भारत की प्राकृतिक पत्थर नेचुरल स्टोन उद्योग को वैश्विक मानचित्र पर और अधिक सशक्त रूप से स्थापित करने के उद्देश्य से इंडिया स्टोन मार्ट 2026 का आयोजन आगामी 5 से 8 फरवरी 2026 तक जयपुर के जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर जेईसीसी सीतापुरा में किया जा रहा है। यह आयोजन न केवल भारत, बल्कि एशिया के सबसे बड़े और सबसे प्रभावशाली स्टोन इंडस्ट्री प्लेटफॉर्म के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। चार दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं उद्योग संवाद का भव्य उद्घाटन गुरुवार को मुग्धा कन्वेंशन हॉल में प्रातः 10 बजे होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा होंगे। उद्घाटन अवसर पर उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, मधुसूदन दादू, राष्ट्रीय अध्यक्ष लघु उद्योग भारती, लघु उद्योग भारती के संगठन महामंत्री प्रकाश चंद्र, आर.के. मार्बल के अध्यक्ष अशोक पाटनी, प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज, इंडिया स्टोनमार्ट 2026 आयोजन समिति के संयोजक नटवरलाल अजमेरा, उपाध्यक्ष दीपक अजमेरा सीडॉस और रीको के पदाधिकारी सहित स्टोन इंडस्ट्री से जुड़े देश-विदेश के कई वरिष्ठ उद्योगपति, निर्यातक, नीति निर्माता और विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। इंडिया स्टोनमार्ट के उद्घाटन समारोह का एक प्रमुख और विशिष्ट आकर्षण अयोध्या में स्थापित भगवान श्रीराम रामलला की दिव्य मूर्ति के शिल्पकार, देश के सुप्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज की गरिमामयी उपस्थिति होगी। योगीराज ने अपनी असाधारण शिल्प प्रतिभा और गहन साधना के माध्यम से पत्थर में प्राण फुंकने वाली कला को नई ऊँचाई दी है। अयोध्या में राम मंदिर में स्थापित रामलला की मूर्ति का निर्माण कर उन्होंने भारतीय मूर्तिकला परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाई है। उद्घाटन समारोह के दौरान सीडॉस लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किए जाएंगे। जिसके माध्यम से स्टोन इंडस्ट्री में दशकों से योगदान देने वाले उद्योग अग्रदूतों को सम्मानित किया जाएगा।

## भाजपा का केंद्रीय बजट को लेकर व्यापारिक, महिला एवं युवा संवाद हुआ

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** केंद्रीय बजट को लेकर भाजपा की ओर से व्यापारिक, महिला एवं युवा संवाद का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, पूर्व विधायक केडी बाबर, जिला उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत व जिला बजट प्रचार अभियान संयोजक सीए श्रीहरि बियानी, पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रा चौधरी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता शर्मा आदि ने संबोधित किया। जिला बजट प्रचार अभियान संयोजक सीए श्रीहरि बियानी ने बताया कि व्यापारी संवाद में वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्यापारियों के लिए सुविधाओं वाला बजट पेश किया है। ऐसे केंद्रीय बजट के बारे में व्यापारियों को अवगत कराया जाए। कहा कि केंद्रीय बजट में छोटे व मध्यम वर्ग के व्यापारियों को कई तरह से सुविधाएं दी गई है। महिला संवाद में पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता इंद्रा चौधरी ने कहा कि केंद्र के बजट में महिलाओं से जुड़े विषयों पर काफी राहत दी है। इसमें कुटिर उद्योगों में काम करने वाली महिलाओं को सुरक्षा, रोजगार की सुविधाएं मुहैया करवाई जाएगी। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता शर्मा ने कहा कि महिलाओं के लिए रसोई में काम आने वाले सामान को भी बजट में राहत देने का काम किया है। युवा संवाद में युवा यश जलधारी सहित युवाओं ने भाग लिया। कहा कि केंद्र सरकार ने बजट के माध्यम से युवाओं को काफी सौगात देने का काम किया है।

योजनाओं के माध्यम से केंद्र सरकार ने बजट में रोजगार देने का काम किया है। युवाओं के लिए शिक्षा, कोचिंग को बढ़ावा दिया गया है। इस दौरान गोविंद बिजारणियां, प्रभुसिंह सेवद, जितेंद्र सिंह कारंगा, कंचन अग्रवाल, यश जलधारी, अनुराधा सरपंच, ममता निठारवाल, शिवम शेषमां, छत्रपाल सिंह, रोहित सैनी, आशीष चौधरी, रमा शेखावत, सुमन वर्मा, सोनू सोनी, कविता चौधरी, कंचल अग्रवाल, वंदना राठौड़, संगीता जांगिड़ आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित की गयी



निसं

**नोखा (नवयत्न)।** महावीर इंटरनेशनल नोखा वीर केंद्र द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खारिया पातावतान श्री कोलायत में विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित की गयी। महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र के स्वास्थ्य शिविर प्रभारी भंवरलाल पींचा ने महावीर इंटरनेशनल संस्था व उसके द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। चम्पालाल पींचा ने बताया कि स्व. आसकरण पींचा की स्मृति में महावीर इंटरनेशनल की प्रेरणा से आसकरण भंवरलाल पींचा परिवार की ओर कक्षा आठवीं तक के 247 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित किये गये। ग्रामवासी भंवरसिंह ने कहा कि महावीर इंटरनेशनल संस्था अपने उद्देश्य के अनुरूप सेवा कार्य कर रहा है तथा आज सूदूर गांव तक पहुंच कर बच्चों को गर्म स्वेटर वितरित करना इसका प्रमाण है। शाला प्रधानाचार्य अलसीराम पंवार ने महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र व आसकरण पींचा परिवार का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर बनवारीलाल पूनिया, अध्यापक बाबूलाल मेघवाल, मूलसिंह, भीखाराम कुम्हार, भीखाराम मेघवाल तथा अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

## मनोज उपाध्याय के नेत्रदान से अमर हुई मानवता, परिजनों ने रचा सेवा का उदाहरण



निसं

**नोखा (नवयत्न)।** कस्बे में मंगलवार रात्रि करीब 9 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में मनोज कुमार पुत्र भंवरलाल उपाध्याय का असामयिक निधन हो गया। गहरे शोक के इस क्षण में भी परिजनों ने मानवता का परिचय देते हुए नेत्रदान कर समाज के सामने प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। घटना के बाद ट्रॉमा सेंटर इंचार्ज एवं सीएमओ डॉ. एल. के. कपिल तथा भाजपा नेता कैलाश कठातला ने शोकाकुल परिवार को नेत्रदान के महत्व के बारे में जानकारी देकर इसके लिए प्रेरित किया। उनकी प्रेरणा से परिजनों ने दिवंगत मनोज उपाध्याय के नेत्रदान की सहमति प्रदान की। इस पुनीत कार्य में भाई सुनील उपाध्याय, डॉ. सीताराम पंचारिया, मूलचंद उपाध्याय, अनिल उपाध्याय, लिलाधर उपाध्याय, पवन पंचारिया, एडवोकेट श्यामसुंदर कठातला, कमल पंचारिया, बजरंगलाल कठातला एवं कमल उपाध्याय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी की सहमति से नेत्रदान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। यह नेत्रदान आई बैंक सोसायटी ऑफराजस्थान के माध्यम से ट्रॉमा सेंटर इमरजेंसी, पीबीएम अस्पताल बीकानेर में किया गया। आई डोनेशन टेक्नीशियन निलेंद्र सिंह ने समय रहते सुरक्षित रूप से कॉर्निया एकत्रित किए। अस्पताल स्टाफने बताया कि ऐसे कार्य समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं और मृत्यु के उपरांत भी कई जरूरतमंदों को नई रोशनी मिल सकती है। इस नेक कार्य के लिए अस्पताल प्रशासन द्वारा परिजनों का प्रशंसा पत्र देकर सम्मान किया गया तथा उनके इस निर्णय की सराहना की गई। दिवंगत मनोज उपाध्याय नोखा निवासी थे।

## आज से ग्राम उत्थान शिविर का होगा आयोजन

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** कृषि विभाग की ओर से 5 फरवरी से ग्राम उत्थान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कृषि अधिकारी सविता बुडानिया ने बताया कि सरकार के ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026 ग्राम के तहत किसानो एवं पशुपालकों के लिए एक विशाल कृषि मेला का आयोजन किया जाएगा जिसके तहत राज्य की प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर एक दिवसीय विशेष शिविर ग्राम उत्थान शिविर 2026 ग्राम का आयोजन किया जायेगा जिसमें अभी तक धीरवास बड़ा, रेडी, बुचावास गिरदावर सर्किल में शिविरों का आयोजन हो चुका है। अब 5 फरवरी को गिरदावर सर्किल सात्यूं, 6 फरवरी को गिरदावर सर्किल भालेरी एवं 7 फरवरी को गिरदावर अलायला में शिविर का आयोजन होगा।

## केसीसी में 4 श्रम संहिताओं पर जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन



निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** केसीसी पैरोजेक्ट की खेतड़ी खदान के केज के पास स्थित पार्क में चार श्रम संहिताओं को लेकर कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केसीसी महाप्रबंधक प्रशासन मानव संसाधन एस शिव दर्शी थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में लक्ष्मी नारायण मीना आरएलसी सीद्ध, जयपुर, गौरव शर्मा एलईओ सीद्ध, जयपुर मौजूद थे। कार्यशाला के दौरान चार श्रम संहिताओं पर चर्चा की गई। इस दौरान जयपुर से आए लक्ष्मी नारायण मीना आरएलसी सीद्ध, गौरव शर्मा एलईओ सीद्ध, ने खेतड़ी कॉपर माइन का दौरा किया और भारत सरकार द्वारा 10.01.2019 से लागू 04 श्रम संहिताओं पर जागरूक करते हुए एचसीएलए केसीसी के नियमित और संविदा कर्मियों से सीधे बातचीत की और श्रमिकों को श्रम कानूनों में हाल के विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्राधिकरण ने नए श्रम कोड में खनन श्रमिकों के लिए सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा पर बढ़े हुए उपायों पर जोर दिया। प्रत्येक श्रम संहिताओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इंटरैक्टिव सत्र के दौरान प्राधिकरण द्वारा नई श्रम संहिताओं के संबंध में श्रमिकों के प्रश्नों का उत्तर दिया गया। अश्वनी गुरावड़िया ने कार्यशाला के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर पियूष खींची, विक्रम सिंह शेखावत, सवाई सिंह सिराधना, दीपक करारिया, अमित चकरा आदि अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

## संपूर्णता अभियान गति, गुणवत्ता और परिणाम-आधारित क्रियान्वयन का मिशन

निसं



**चूरू (नवयत्न)।** भारत सरकार के श्आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के तहत बुधवार को राजगढ़ समिति में चूरू जिले के आशान्वित ब्लॉक राजगढ़ में चयनित 06 संकेतकों की संतृप्ति के लिए संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम मनोज खेमादा ने कहा कि संपूर्णता अभियान 2.0 चिन्हित सूचकांकों के माध्यम से क्षेत्र के शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्र का उन्नयन करने की दिशा में महत्वपूर्ण अभियान है। यह अभियान गति, गुणवत्ता और परिणाम-आधारित क्रियान्वयन का मिशन है।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि सभी विभाग नियमित फील्ड मॉनीटरिंग और लक्ष्य-आधारित कार्य योजना से काम करें और कार्यक्रम की सफल क्रियान्विति सुनिश्चित करें और आमजन की इसमें समुचित भागीदारी हो। महावीर पूनिया ने कहा कि अभियान के माध्यम से ब्लॉक में बाल पोषण, आंगनबाड़ी सुविधाएं, स्वच्छता, पेयजल, शिक्षा सहित बिन्दुओं पर विशेष फोकस से सुधार के सतत प्रयास किए जाएंगे। हम सभी मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं और अपने परिवेश में वंचित लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ें। उन्होंने कहा कि हम सभी स्तरों पर समन्वय रखें और सभी के सम्मिलित प्रयासों से हर लक्ष्य समय पर और पूरी तरह से पूरा हो। एसीईओ व मुख्य आयोजना अधिकारी भागचंद खारिया ने कहा कि संपूर्णता अभियान 2.0 डेटा-बेस्ड मॉनीटरिंग, स्थानीय जागरूकता कार्यक्रम और ग्राम-स्तरीय भागीदारी से ही सफल होगा। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल औपचारिक रिपोर्टिंग नहीं बल्कि स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा-संबंधी संकेतकों में वास्तविक प्रभाव डालना है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास, आजीविका आदि से संबंधित संकेतकों पर समन्वित प्रयास कर आमजन को विभिन्न विभागों की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत आगामी 3 माह में चिन्हित 06 संकेतकों नियमित रूप से पूरक पोषण प्राप्त करने वाले 06 महीने से 06 वर्ष की आयु के बच्चों का प्रतिशत, आंगनबाड़ी केन्द्रों में नामांकित बच्चों की मापन क्षमता का प्रतिशत, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शौचालयों की उपलब्धता का प्रतिशत, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पेयजल सुविधा, कुल विद्यालयों की तुलना में पर्याप्त संख्या में बालिका शौचालय सुविधा वाले विद्यालयों का प्रतिशत, पशुओं के टीकाकरण का प्रतिशत आदि के लक्ष्यों के विरूद्ध शत-प्रतिशत उपलब्धि पर काम किया जाएगा। इस दौरान तहसीलदार रामसिंह सैनी, बीडीओ भागीरथ कटारिया, सीबीईओ सुमन जाखड़, सीडीपीओ सीमा गहलोत, रविन्द्र, पशुपालन से डॉ. अजमेर कुहाड़, रमेश शर्मा, राजीविका महिलाएं सहित सभी विभागों के फ्रंट लाइन वर्कर मौजूद रहे।

## विद्युत महासंघ के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य चुन्नीलाल राजस्थानी होंगे राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** भारत के सबसे बड़े श्रम संगठन भारतीय मजदूर संघ का 21वाँ अखिल भारतीय अधिवेशन आगामी 6, 7 व 8 फरवरी को उड़ीसा के पवित्र धाम पूरी में आयोजित होने जा रहा है। अधिवेशन का केंद्रीय विषय ष्श्रम का गौरव-राष्ट्र का गौरव रखा गया है।

जो श्रमिक सम्मान को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का सशक्त सन्देश देता है। इस ऐतिहासिक अधिवेशन में नोखा से अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के



राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य चुन्नीलाल राजस्थानी होंगे शामिल। अधिवेशन की अध्यक्षता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिरण्मय पंड्या करेंगे। उदघाटन सत्र का उदघाटन केंद्रीय श्रम मंत्री डॉ. मनसुख मण्डविया करेंगे। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की निदेशक मिचिको मियामाटो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगी। सम्मेलन के दौरान बदलते वैश्विक परिदृश्य में श्रमिक आंदोलन की भूमिका पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा जिसका उद्घाटन उड़ीसा के मुख्यमंत्री मोहन चारण मांझी करेंगे इस संगोष्ठी में 15 देश के प्रतिनिधि अपनी भागीदारी निभाएंगे जिससे सम्मेलन का अंतरराष्ट्रीय महत्व और सुदृढ़ होगा इसके अतिरिक्त ट्रेड यूनियन आंदोलन में महिलाओं की भागीदारी चुनौतियों और अवसर विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी भी आयोजित की जाएगी जिसमें उड़ीसा की उपमुख्यमंत्री पार्वती परीड़ा एवं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर उपस्थित रहेगी। अधिवेशन में देश के सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों सहित ब्रिक्स देशों सहित अन्य कई देशों के लगभग 2000 से अधिक प्रमुख श्रमिक प्रतिनिधि अपनी भागीदारी निभाएंगे।

## शहीद हवलदार कमलेश गुर्जर का मनाया शहादत दिवस



निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड के मेहाड़ा गुजरवास में बुधवार को शहीद हवलदार कमलेश गुर्जर का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आदित्य गुर्जर, विशिष्ट अतिथि प्रकाश अवाना, राहुल गुर्जर थे, जबकि अध्यक्षता वीरांगना सुमित्रा देवी ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने शहीद कमलेश गुर्जर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. आदित्य गुर्जर ने कहा कि देश की सेवा करने को लेकर अपने प्राणों का त्याग करने वाला हमेशा अमर रहता है। हवलदार कमलेश गुर्जर ने भी देश सेवा व अपनी मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर गांव का नाम रोशन किया है। इस देश के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर योद्धा हमारे लिए पूजनीय होते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को मांगलिक कार्य में उन्हें याद कर उचित धारणा के लिए प्रेरित करना चाहिए। झुंझुनू जिले के शौर्य की मिट्टी में जोश और साहस का प्रतीक माना जाता है। देश के लिए सबसे अधिक सैनिक देने का गौरव झुंझुनू के जिले के नाम से जाना जाता है।

यहां के युवाओं को बचपन से ही सेना में जाने के लिए तैयार किया जाता है जो सरहद पर किसी प्रकार की हलचल होने पर बहादुरी का परिचय देते हैं। झुंझुनू जिले में सड़क किनारे लगी शहीदों की प्रतिमा युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। यहां के युवा सड़क किनारे नियमित रूप से अभ्यास कर सेना में जाने की तैयारी भी करते देखे जा सकते हैं। युवाओं को शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे पढ़ना चाहिए । हवलदार कमलेश गुर्जर भारतीय सेना की 21 राजपूत रेजिमेंट में थे कि 2 फरवरी 2018 को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा स्थित माछिल सेक्टर में सेना की ओर से चलाए गए ऑपरेशन रक्षक के दौरान देश के लिए वीरगति को प्राप्त हो गए थे। शहीद वीरांगना सुमित्रा देवी का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान मदनलाल गुर्जर, जयसिंह, सुमेर सिंह, कैप्टन धर्मपाल, राजेश कुमार, नाहर सिंह, शीशराम, सुवाराम, विजय कुमार, छोटेलाल, प्रदीप कुमार, सुरेंद्र गुर्जर, हंसराज, प्रदीप भैरू, मनोज, सांवतराम, मनोज, सुनील कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## अनियंत्रित होकर फिसली बाइक, गंभीर हालत में बाइक सवार को किया जयपुर रैफर

निसं



**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** खेतड़ीनगर थाना क्षेत्र के टीलावाली-खरखड़ा सड़क पर बुधवार दोपहर को बाइक स्लिप होने से हादसा हो गया। इस दौरान हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। हादसे में दोनों घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जयपुर रैफर कर दिया। जानकारी के अनुसार खेतड़ी नगर थाना क्षेत्र के बांकोटी निवासी राकेश कुमार 22 अपने पिता ओमप्रकाश 55 के साथ बाइक पर किसी काम से खरखड़ा की ओर जा रहे थे। जब वह टीलावाली के पास, पंहुचे तो अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ जाने वह सड़क पर गिरने से घायल हो गए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा 108 एंबुलेंस को मौके पर बुलाया गया। हादसे की सूचना पर 108 एंबुलेंस पायलट अजीत सिंह निर्वाण व ईएमटी कुलदीप महरिया मौके पर पहुंचे तथा दोनों घायलों को उपचार के लिए खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में लाया गया। हादसे में घायल राकेश कुमार व ओमप्रकाश का प्राथमिक उपचार किया गया, लेकिन उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर कर दिया। घटना की सूचना पर घायलों के परिजन भी अस्पताल में पंहुचे तथा हादसे की जानकारी जुटाई। हादसे में बाइक भी पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

ग्रामीणों ने बताया कि खरखड़ा से चंवरा जाने वाली सड़क का कुछ समय पहले ही निर्माण करवाया गया है। जिस पर कई खतरनाक मोड़ होने पर आए दिन हादसे हो रहे हैं। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क पर संकेतक बोर्ड लगाने की मांग की है।

## जरूरतमंद परिवारों को राशन किट वितरित



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** सेवानिवृत मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भगवती वर्मा ने अपने पिता शिक्षाविद व्याख्याता एवं पूर्व पार्षद देवीदत्त वर्मा की प्रेरणा से तारानगर कस्बे के सात्युँ सर्किल के पास झुग्गी झोंपड़ियों में रहने वाले 22 अति जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री के राशन किट वितरित किये। वर्मा ने यह नेक कार्य मुख्य शिक्षा अधिकारी से सेवानिवर्त होने की खुशी में किया है एवं इस नेक कार्य के लिए क्षेत्रवासियों ने वर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया। लोगों ने इस कार्य की सराहना की एवं क्षेत्रवासियों के लिए प्रेरणादायक बताया। इस मौके पर शिक्षाविद पूर्व पार्षद देवीदत्त वर्मा, टेकचंद चौहानए डीजीएम बीओबी गोविन्द प्रसाद वर्मा, अध्यापक अश्विनी वर्मा, सेवादल उपाध्यक्ष योगेश वर्मा, सरला, रविन्द्र चौहान, भावना चौहान, आशा देवी, सीमा, अमित बाणीया, विकास बाणीया, आरुष पँवार, मोहम्मद इलियास बिसायती, रवि पंवार, नीलाक्ष चौहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## युवक को 10.48 ग्राम एमडी के साथ पकड़ा

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** नोखा पुलिस ने बीकानेर रोड पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को मादक पदार्थ एमडी के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 10.48 ग्राम एमडी बरामद हुई है। गिरफ्तार युवक की पहचान मोहनपुरा मोहल्ला निवासी ऋतिक नायक के रूप में हुई है।

### युवक को पीछा कर पकड़ा

थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज के निर्देश पर पुलिस को मादक पदार्थ की सूचना मिली थी। इसके बाद सब इंस्पेक्टर कुशलाराम के नेतृत्व में एक पुलिस टीम बीकानेर रोड पर पहुंची। पुलिस वाहन को देखकर वहां खड़ा युवक भागने लगाए जिसे पुलिस टीम ने पीछा कर पकड़ लिया।

## डॉ. पंचारिया बने अखिल भारतवर्षीय श्री महर्षि गौतम शैक्षणिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य

निसं



**नोखा (नवयत्न)।** अखिल भारतवर्षीय श्री महर्षि गौतम शैक्षणिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिगोपाल उपाध्याय ने आदेश जारी कर नोखा निवासी डॉ. सीताराम पंचारिया को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य के पद पर मनोनीत किया है। डॉ. पंचारिया इससे पूर्व नोखा नगरपालिका के चेयरमैन रह चुके हैं तथा वर्तमान में वार्ड पार्षद के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे लंबे समय से सामाजिक, शैक्षणिक एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रहकर आमजन के हितों के लिए कार्य करते आ रहे हैं। उनके अनुभव एवं सेवाभाव को देखते हुए ट्रस्ट द्वारा यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. पंचारिया अपने अनुभव व नेतृत्व क्षमता से ट्रस्ट के शैक्षणिक एवं पारमार्थिक उद्देश्यों को नई दिशा प्रदान करेंगे। इस अवसर पर ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारियों, सदस्यों एवं क्षेत्र के शुभचिंतकों ने डॉ. सीताराम पंचारिया को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## विवाह वर्षगांठ पर महाभिषेक किया

निसं

**मुकुंदगढ़ (नवयत्न)।** डूंडलोद रोड स्थित अष्टविनायक धाम के ट्रस्टी अन्नू अनिल अग्रवाल के विवाह वर्षगांठ पर महाभिषेक किया गया। मंदिर पुजारी रविकांत शर्मा के आचार्यत्व में अष्ट विनायकों का मंत्रोचारण के साथ अभिषेक किया गया। आरती कर भोग लागकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर उमशंकर शर्मा, मनोज शर्मा, शंकर सैनी, गोविंद स्वामी, हरिराम सैनी, रामकल्याण मीना सहित बड़ी संख्या मे भक्तजन उपस्थित रहे।

# आज लक्ष्मणगढ़ एवं नेछवा के अभ्यर्थी लेंगे भाग

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सहायक निदेशक जिला रोजगार कार्यालय, सीकर राकेश खर्रा ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय, सीकर एवं भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवकों के लिए सुरक्षा गार्ड एवं सुरक्षा सुपरवाइजर पदों पर भर्ती के लिए चयन परीक्षा एवं कैंपस प्लेसमेंट शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह भर्ती कार्यक्रम 6 फरवरी तक जिला रोजगार कार्यालय, सीकर में आयोजित किया जाएगा। सभी शिविर प्रात: 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक होगे उन्होंने बताया कि 5 फरवरी 2026 को तहसील लक्ष्मणगढ़ एवं नेछवा के अभ्यर्थियों के लिए तथा 6 फरवरी 2026 को सीकर एवं समस्त राजस्थान के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को भर्ती शिविर में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय, सीकर एवं एसआईएस रीजनल ट्रेनिंग अकादमी, नीमच के भर्ती अधिकारी महिपाल सिंह 8619863856 एवं सहायक भर्ती अधिकारी निनाराम भर्ती स्थल पर उपस्थित रहकर अभ्यर्थियों का पंजीकरण एवं चयन करेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी भर्ती स्थल पर ही पंजीकरण करा सकेंगे। भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण, लंबाई 170 सेंटीमीटर, वजन 55 किलोग्राम, सीना 80-85 सेंटीमीटर, आयु सीमा 19 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है तथा अभ्यर्थी का शारीरिक रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है। नीमच के भर्ती अधिकारी महिपाल सिंह ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय में सुरक्षा गार्ड एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के 565 पदो पर भर्ती की जा रही है। सुरक्षा सुपरवाईजर सैलरी 14000 से 24000 हजार एवं सुरक्षा सुपरवाइजर की सैलरी 16000 से 25000 हजार एवं सुरक्षा आधिकारी की सैलरी 27000 से 35000 हजार तक दी जाऐगी। चयनित अभ्यर्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत 65 वर्ष की आयु तक स्थायी रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। एसआईएस रीजनल ट्रेनिंग अकादमी, नीमच द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को भारत सरकार के ऐतिहासिक स्मारकों, प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थानों, मल्टीनेशनल कंपनियों सहित दिल्ली का लाल किला, अयोध्या राम मंदिर, आगरा का ताजमहल, जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर रोजगार प्रदान किया जाएगा।

# तेज रफ्तार कार ने साइकिल पर जा रहे तीन मजदूरों को कुचला

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में तेज रफ्तार कार से दुर्घटना होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जबकि पुलिस हादसों को रोकने के लिए तमाम हथकड़े अपना रहीं है। इसके बावजुद भी आए दिन दुर्घटना होती नजर आ रहीं है। मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि तेज रफ्तार कार ने विधाद्यर नगर थाना इलाके में साईकिल से घर जा रहे तीन मजदूरों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक मजदूर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया व वहीं दूसरे मजदूर ने उपचार दौरान दम तोड़ दिया। थानाधिकारी हिम्मत सिंह ने बताया कि कि मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि क्रॉस मॉल के पास चारों मजदूर मैरिज गार्डन से कैटरिंग का काम करने के बाद अलग-अलग साइकिल से जालूपुरा स्थित अपने किराए के मकान पर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने तीनों मजदूरों को जोरदार टक्कर मारते हुए फरार हो गई। हादसे की जानकारी मिलने के बाद विधाधर नगर पुलिस व भट्टा बस्ती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए कांवटिया अस्पताल भिजवाया। वहीं चिकित्सकों ने देवत्त बेहरा उर्फ टप्पू बालेश्वर, ओडिशा निवासी को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल अमूल्य ने भी उपचार दौरान दम तोड़ दिया। वही गंभीर रुप से घायल संग्राम का उपचार जारी है। थानाधिकारी हिम्मत सिंह ने बताया बुधवार देर रात 18 से 20 मजदूर साइकिलों से अपने घर लौट रहें थे। तभी तेज रफ्तार कार ने क्रॉस मॉल रोड़ पर उन्हे कुचल दिया । जिससे कई मजदूरों को चोट आई। लेकिन एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं उपचार दौरान दूसरे मजदूर ने दम तोद्यड़ दिया। हिम्मत सिंह ने बताया कि इस मामले में कई मजदूरों ने शिकायत ही दर्ज नहीं कराई है। जबकि इस मामले में कई अन्य मजदूरों को भी चोट आई है। थानाधिकारी हिम्मत सिंह ने बताया कि सभी मजदूर दूसरे राज्यों के रहने वाले है और यहां जयपुर के जालूपुरा इलाके में किराए का कमरा लेकर कैटरिंग का काम करते है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार कार चालक की तलाश शुरु कर दी है। वहीं पुलिस इस मामले में कैटरिंग ठेकेदार से भी जानकारी हासिल करने में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने रास्ता जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन की सूचना पर एडिशनल डीसीपी बजरंग सिंह शेखावत, एसीपी सुरेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों से समझाइश कर उन्हें शांत कराया।

# सांगानेर जोन में अवैध निर्माण पर 7 भवनों को किया सीज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार सांगानेर जोन टीम ने बुधवार को सांगानेर एवं प्रताप नगर में राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 के तहत नियमानुसार 7 भवनों को सीज किया गया। सांगानेर एवं प्रताप नगर में चल रहे अवैध निर्माण पर कार्रवाई करते हुये 7 भवनों को सीज किया। राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 के तहत नियमानुसार कार्यवाही की गई। सांगानेर जोन द्वारा गत 1 माह में 13 अवैध निर्माणों पर कार्यवाही करते हुये सीजर की कार्यवाही की गई। आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने आमजन से अपील की है कि आवासीय व व्यावसायिक निर्माण के लिए नियमानुसार भवन निर्माण स्वीकृति प्राप्त करें एवं बिल्डिंग बॉयलाज 2025 के अनुरूप निर्माण कराए।

# सैनी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोडासरा को सौंपा ज्ञापन

निसं



**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** प्रशासन की हठधर्मिता, अक्रमणियता व अनदेखी से परेशान लोगों ने गिरवडी की भैंरू बणी में हजारों पेड़ों को काटने के विरुद्ध आंदोलन, एक माह से गुढ़ा बामलास में अवैध खनन व अभिभाषक संघ द्वारा उदयपुरवाटी में सप्ताह भर से चल रहा धरना प्रदर्शन व वकीलों द्वारा मांगों को लेकर की जा रही है भूख हड़ताल। जिसमें उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्र में तीन-तीन धरना प्रदर्शन के चलते अरावली चेतना संस्थान सेवा समिति के संयोजक एडवोकेट केके सैनी के सानिध्य में लोगों ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को उदयपुरवाटी की समस्या को लेकर अवगत कराकर ज्ञापन सौंपा है। उदयपुरवाटी की आम जनता की परेशानी को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने समस्या का समाधान करने को लेकर विधानसभा में प्रश्न उठाने का विश्वास दिलवाया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने विश्वास दिलाया कि शीघ्र ही इन मुद्दों का समाधान करवा कर आम जनता को राहत मिलेगी और वकीलों की भूख हड़ताल से गिरते स्वास्थ्य एक गम्भीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। साथ ही एडवोकेट के के सैनी ने उदयपुरवाटी की कानून व्यवस्था की लचर व्यवस्था की भी जानकारी दी। इस पर अध्यक्ष ने सरकार का ध्यान आकर्षित करने का विश्वास दिलाया है। इस दौरान काफी लोग मोजूद रहे।

# सेक्टर स्तरीय सामुदायिक जागरूकता कार्यशाला आयोजित

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** श्रीमाधोपुर परियोजना के सेक्टर महरौली में सेक्टर स्तरीय एक दिवसीय सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम सीडीपीओ सुमित्रा चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। सीडीपीओ ने महिलाओ को महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंत्री मातृत्व पोषण योजना एमएमएमपीवाई के बारे में विस्तार से बताया। योजना का मुख्य उद्देश्य गर्भवती तथा धात्री महिलाओं में कुपोषण की स्थिति में सुधार लाना तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षक सुमन बिजारणियां ने कुपोषण का दुष्चक्र के प्रभाव तथा विभागीय सेवाओं एवं योजनाओं से जन समुदाय को अवगत करवाया। कार्यक्रम में प्रिंसिपिल शैतान सिंह मीणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल महरोली, एग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र, कृषि पर्यवेक्षक सोनिया, एएनएम सोनू तथा समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एआशा सहयोगिनी, ग्राम साथिन, किशोरी बालिकाओं उपस्थित रही। इस अवसर पर विभागीय एप पोषण ट्रैकर पर आनलाइन उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्मिकों को प्रतीक चिन्ह तथा उपहार भेंट करके उत्साहवर्धन किया।

# घर के बाहर बैठे युवक पर फायरिंग करने वाले दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने गत 19 जनवरी सुबह 9 बजे घर के बाहर बैठे बबलू पर गोली चलाने वाले हिस्ट्रीशीटर और उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। थाने इलाके के आदतन बदमाश रवि मेहरा और उसके साथी राहुल को पुलिस ने देर रात दबोच लिया। दोनों बदमाशों पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित था और वे लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस घेराबंदी के दौरान दोनो बदमाशों ने भागने का प्रयास किया। भागते वक्त हिस्ट्रीशीटर का पैर टूट गया। गौरतलब है कि हिस्ट्रीशीटर रवि मेहरा अपने साथी के साथ 19 जनवरी सुबह 9 बजे बाइक से गंगापोल पहुंचा और बबलू के चचेरे भाई अजय पर गोली चला दी । अजय समय रहते निशाने से हट गया, लेकिन गोली बबलू को जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। दोनो बदमाश गोली चलाने के बाद तुरंत फरार हो गए। बताया जा रहा है कि आदतन बदमाश रवि मेहरा के खिलाफ ब्रह्मपुरी थाने में 15 और सुभाष चौक थाने में 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस गिरफ्तार दोनो अभियुक्त से हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहीं है। पुलिस ने दोनो अभियुक्तों से कई अहम खुलासे होने की संभावना जताई है। डीसीपी नॉर्थ करन शर्मा ने बताया कि बुधवार देर रात तकनीकी सहायता के आधार पर दोनो आरोपियों की धरपकड़ के लिए घेराबंदी की गई । पुलिस की घेराबंदी देख शातिर बदमाश रवि मेहरा ने भागने का प्रयास किया। इस दौरान उसका पैर टूट गया, वहीं उसका दूसरा साथी राहुल भी घायल हो गया। पुलिस ने दोनो बदमाशों को दबोचने के बाद उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

बताया जा रहा है की अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद दोनो बदमाशों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि 19 जनवरी की सुबह 9 बजे गोली चलाकर फरार हुए आदतन बदमाश रवि मेहरा के घर पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करते हुए 23 जनवरी को उसके मकान पर बुलडोजर चलाया था। जांच में सामने आया था कि आरोपी ने मकान की तय सीमा से करीब 7 फीट अधिक अवैध निर्माण कर रखा था। पुलिस जाब्ते की मौजूदगी में प्रशासन ने इस अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

# प्रदेश के तीरंदाजों का आज होगा रजिस्ट्रेशन, मेडिकल एवं बैटरी टेस्ट

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा सवाई मानसिंह स्टेडियम में आठ दिवसीय विभिन्न खेल अकादमियों में प्रवेश के लिए चयन स्पर्धा के दूसरे दिन बालक एथलेटिक्स अकादमी-श्रीगंगानगर 42, अजमेर 79, चूरू 35 तथा बालिका एथलेटिक्स अकादमी-जयपुर व बालिका खेल संस्थान-एथलेटिक्स, जयपुर 81, बालिका एथलेटिक्स अकादमी-चूरू 11, बालिका खेल संस्थान-एथलेटिक्स, भरतपुर 14, बालिका खेल संस्थान-एथलेटिक्स, उदयपुर 12 पैरा खेल अकादमी, एथलेटिक्स व पॉवरलिफ्टिंग बालक-जयपुर 17 में कुल 291 खिलाड़ियों ने भाग लिया। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की सचिव नीतू बारूपाल ने बताया कि गुरुवार को 291 एथलीट्स, पैरा एथलीट्स एवं पैरा पॉवरलिफ्टिंग के खिलाड़ियों का स्किल टेस्ट होगा। गुरुवार को ही बालक तीरंदाजी अकादमी उदयपुर व डूंगरपुर और बालिका तीरंदाजी अकादमी-जयपुर व खेल संस्थान उदयपुर-बालिका के लिए ट्रायल में भाग लेने आने वाले तीरंदाजों का रजिस्ट्रेशन और मेडिकल करवाने के बाद बैटरी टेस्ट लिया गया। बैटरी टेस्ट में कुल आठ एक्टिविटी है। उन्होंने बताया कि बुधवार को बालक हैंडबॉल अकादमी-जैसलमेर, बालिका हैंडबॉल अकादमी-जयपुर, बालक साइक्लिंग अकादमी-बीकानेर, बालक कुश्ती अकादमी-भरतपुर एवं बालिका खेल संस्थान-कुश्ती, भरतपुर के लिए स्किल टेस्ट लिए गए।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुरा
## पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं

क्रमांक : ग्रा.प./लेखा/निविदा/2025-26/64 दिनांक :- 29.01.2026

**ई-निविदा सूचना 04/2025-26**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत रामपुरा के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के उपर अटल ज्ञान केन्द्र भवन एवं सीढ़ी निर्माण कार्य हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तिथि व समय | 02-02-2026, प्रात: 10:00 बजे से 11-02-2026, सांय 6:00 बजे तक। |
| निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | 11-02-2026 सायं 6:00 बजे तक। |
| दस्तावेज भौतिक रूप से जमा कराने की तिथि व समय | 12-02-2026 दोपहर 12:00 बजे तक। |
| आनलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 12-02-2026 दोपहर 02:00 बजे। |

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र रामपुरा के उपर अटल ज्ञान केन्द्र भवन एवं सीढ़ी निर्माण कार्य | 8.00 | ZJU2526A0698 | ZJU2526WSOB 01214 | 2026_PRD_ 533681_1 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुरा से व्यक्तिश: अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत रामपुरा
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत रामपुरा
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)



## कार्यालय नगरपालिका मण्डल, लाडनूं (डीडवाना-कुचामन)

क्रमांक:-न.पा.ला./2025-26/4105 दिनांक:-04/02/2026

**मंगल अभिनन्दन - हार्दिक स्वागत**

राष्ट्रीय संत, अणुव्रत अनुशास्ता पूज्य आचार्य श्री महाश्रमण जी का धवल सेना के साथ लाडनूं नगर में 13 माह के योगक्षेम वर्ष प्रवास के लिए मंगल प्रवेश आपका आगमन अहिंसा, संयम, नैतिकता और अणुव्रत चेतना का नव संदेश लेकर आया है, जो समाज को सद्भाव, शांति और संस्कारों की दिशा प्रदान करेगा। पूरे लाडनूं क्षेत्र की जनता की ओर से पूज्य आचार्य श्री को कोटि-कोटि नमन, वंदन एवं

**हार्दिक अभिनंदन**



### आमजन से अपील

- स्वच्छ भारत मिशन के तहत अपने घर/मौहल्ले में साफ सफाई रखने में पालिका प्रशासन का आवश्यक सहयोग प्रदान करें। कचरा पालिका ऑटो टीपर में ही डालें।
- स्थानीय पालिका क्षेत्र में कृषि से अकृषि आवासीय परियोजनार्थ कॉलोनी स्वीकृत करवा कर ही भूखण्ड विक्रय करे अन्यथा कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी विकसित/प्लॉटिंग करने पर नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित होगी।
- रेल्वे स्टेशन/बस स्टेण्ड/अस्पताल /पार्क/विद्यालय आदि सार्वजनिक सम्पतियों की साफ सफाई एवं सुरक्षा रखकर सम्पति विरूपण होने से बचावें।
- प्रतिबंधित पॉलिथीन थैलियों का उपयोग नहीं करे इनके उपयोग हमारे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को नुकसान होता है। कपड़े/जूट के थैलों का ही उपयोग करें।
- जन्म/मृत्यु एवं विवाह का समय पर पंजीकरण अवश्य करावें।
- खुले में शौच नहीं करें, शौचालय का निर्माण करवायें।
- राजकीय भूमि पर अतिक्रमण नहीं करें।
- नगरपालिका से ईजाजत तामीर प्राप्त कर ही घर/दुकान/फ्लैट्स/व्यवसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण करें। उनमें बरसाती पानी का टांका निर्माण कर जल संरक्षण में योगदान देवें।
- स्थानीय पालिका क्षेत्र में खुले कुओं/बोरवेल की सूचना तुरन्त पालिका को देते हुए खुले बोरवेल बन्द करावें।
- राज्य सरकार द्वारा बकाया यूडी टैक्स/नगरीय विकास कर की राशि समय पर जमा कराकर समय समय पर जारी छुट का लाभ उठायें।
- प्रधानमंत्री आवाय योजना शहरी 2.0 में आवेदन करें। जिसकी आय 3.00 लाख से कम हो शहरी क्षेत्र में स्ट्रीट वैण्डर या स्वयं सहायता समुह का सदस्य हो, पीएम विश्वकर्मा का लाभार्थी हो, भवन निर्माण कार्य के श्रमिक मजदुर वर्ग, सफाई कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इस योजना में आवेदन कर सकते है। इस हेतु नजदीकी ई-मित्र पर आवेदन करें।
- पीएम स्वनिधि/सीएम स्वनिधि में पात्र आवेदक आवेदन कर भारत सरकार/राज्य सरकार की योजना का लाभ उठायें।
- सार्वजनिक सम्पतियों को पोस्टर, बैनर, वॉल पैटिंग लगाकर बदरंग नहीं करें।
- 18 वर्ष की आयु होने पर मतदाता सूची मे अपना नाम अवश्य जुड़वायें।
- बाल-विवाह सामाजिक अपराध है, इसे रोके एवं परिवार नियोजन अपनाएं।

**निवेदक**

**रावत खान**
अध्यक्ष, नगरपालिका मण्डल, लाडनूं

**समस्त सदस्य एवं स्टॉफ नगरपालिका, लाडनूं**
अधिशाषी अधिकारी नगापालिका लाडनूं

**हरेन्द्र चौधरी**
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका,लाडनूं


# भारत बोध-आपणी माटी, आपणो खेल कार्यक्रम आयोजित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान विश्वविद्यालय में भारत बोध-आपणी माटी, आपणो खेल विषयक कार्यक्रम का भव्य, उत्साहपूर्ण एवं मनोरंजक आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय पारंपरिक खेलों के माध्यम से संस्कृति, राष्ट्रबोध और सामाजिक चेतना को सुदृढ़ करने का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के खेल सचिव नीरज के. पवन ने अपने संबोधन में पारंपरिक खेलों को भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रबोध की आत्मा बताते हुए उनके संरक्षण, संवर्धन एवं व्यापक प्रसार की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे खेल न केवल शारीरिक विकास करते हैं, बल्कि सामूहिकता, अनुशासन और राष्ट्रीय चेतना को भी मजबूत करते हैं। खेल मंडल की सचिव डॉ. प्रतिभा सिंह रतनू ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को अपनी माटी, परंपरा और खेल संस्कृति से जोड़ना है। वहीं विशिष्ट अतिथि एवं क्रीड़ा भारती के क्षेत्रीय सह-संयोजक दुर्ग सिंह राजपुरोहित ने परंपरागत खेलों में भारत बोध विषय पर प्रेरणादायी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय खेल परंपरा राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से गहराई से जुड़ी हुई है। खेल प्रतियोगिताओं में पुरुष वर्ग में सितोलिया की 8 टीमें, कबड्डी की 8 टीमें तथा रस्साकशी की 6 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं महिला वर्ग में सितोलिया की 8 टीमें, कबड्डी की 5 टीमें एवं रस्साकशी की 6 टीमों की सक्रिय सहभागिता रही, जिसने पारंपरिक खेलों में महिलाओं की सशक्त एवं प्रभावी भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित परिचर्चा सत्र में कुल 257 प्रतिभागियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# सही मॉनिटरिंग से रोडवेज ने रचा कीर्तिमान, जनवरी में लक्ष्य से आगे निकला संचालन

## बेहतर प्रबंधन से एक साल में आय में 1.17 करोड़ रुपये का इजाफा, काजड़ा में अधिकारियों का सम्मान

संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम ने जनवरी 2026 में संचालन और आय दोनों मोर्चों पर ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सख्त मॉनिटरिंग और प्रभावी प्रबंधन के चलते रोडवेज ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक बस संचालन कर करोड़ों रुपये की अतिरिक्त आय अर्जित की है। जनवरी 2026 में रोडवेज ने अपने निर्धारित लक्ष्य से 64 हजार 450 किलोमीटर अधिक बस संचालन किया, जिससे विभाग को 57 लाख 97 हजार 650 रुपये की अतिरिक्त आय हुई। यह उपलब्धि विभाग की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के साथ-साथ यात्रियों को बेहतर और समयबद्ध परिवहन सुविधा देने में भी सहायक रही। यदि जनवरी 2025 से तुलना की जाए तो प्रगति



स्पष्ट नजर आती है। जनवरी 2025 में रोडवेज की कुल आय 4 करोड़ 42 लाख 45 हजार 300 रुपये थी, जो जनवरी 2026 में बढ़कर 5 करोड़ 60 लाख 14 हजार 829 रुपये हो गई। इस तरह महज एक वर्ष में 1 करोड़ 17 लाख 69 हजार 529 रुपये की शुद्ध अतिरिक्त कमाई दर्ज की गई। बस संचालन के स्तर पर भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। जनवरी 2026 में रोडवेज ने लक्ष्य से 86 हजार 4 किलोमीटर अधिक बसें संचालित की। इससे यात्रियों की बढ़ती मांग के अनुरूप सेवाओं का विस्तार संभव हुआ और नियमितता में भी सुधार आया। इस सफलता के पीछे चीफ मैनेजर गिरिराज स्वामी का सख्त, अनुशासित और सक्रिय प्रबंधन प्रमुख कारण माना जा रहा है। उनके नेतृत्व में बसों की समयबद्धता, रूट मॉनिटरिंग, स्टाफ की जवाबदेही और राजस्व बढ़ाने पर विशेष फोकस किया गया। खाली चलने वाली बसों के रूट बदले गए और यात्रियों की मांग के अनुसार समय सारिणी में सुधार किया गया।

रोडवेज प्रबंधन ने यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों तक बस सेवाओं का विस्तार किया। इससे छात्रों, व्यापारियों, कर्मचारियों और आम यात्रियों को सीधा लाभ मिला। बसों की तकनीकी स्थिति पर भी विशेष ध्यान दिया गया। नियमित जांच, समय पर मरम्मत और बेहतर रखरखाव से अनावश्यक खराबी और देरी की समस्या कम हुई, जिसका सकारात्मक असर संचालन और आय दोनों पर पड़ा। इस उपलब्धि में ड्राइवरों, कंडक्टरों, मैकेनिकों और अन्य कर्मचारियों की भूमिका भी अहम रही। अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय और टीमवर्क से विभाग अपने लक्ष्यों को हासिल करने में सफल रहा। इस ऐतिहासिक सफलता को लेकर काजड़ा गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिला, जहां रोडवेज चीफ मैनेजर गिरिराज स्वामी, एमओ मोनिका और रोडवेज स्टाफ का भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने फूलमालाओं और साफों से अधिकारियों का सम्मान किया और बेहतर बस सेवाओं के लिए आभार जताया। चीफ मैनेजर स्वामी ने कहा कि विभाग की प्राथमिकता यात्रियों को सुरक्षित, सुलभ और समयबद्ध परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है। पारदर्शिता, अनुशासन और सख्त मॉनिटरिंग के सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहे हैं। एमओ मोनिका ने भी कहा कि यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आगे भी सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। कुल मिलाकर जनवरी 2026 रोडवेज के लिए उपलब्धियों का महीना साबित हुआ है। लक्ष्य से अधिक बस संचालन, करोड़ों की अतिरिक्त आय और जनता का बढ़ता विश्वास इन सभी पहलुओं ने रोडवेज को नई पहचान दिलाई है। यदि यही कार्यप्रणाली आगे भी जारी रही तो रोडवेज प्रदेश के परिवहन तंत्र में नई मिसाल कायम कर सकता है।

# विदाई समारोह आयोजित



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** ढाणी आशा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पूर्व प्रधानाचार्य सुनील कुमार शिवरान का विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भामाशाह जीत सिंह कसवां ने की। कार्यक्रम में शिवरान का पूरे परिवार सहित आनंद सिंह पूरा पंचायत के गणमान्य अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सुनील कुमार शिवरान के विद्यालय मे 7वर्ष के कार्यकाल की सभी ने प्रशंसा की। सम्मान स्वरूप ग्रामवासियों की तरफसे एअर कंडीशनर भेंट किया गया। विद्यार्थियों तथा विद्यालय स्टाफद्वारा उपहार भेंट किए गए। बेगराज द्वारा टी टेबल सेट भेंट किया गया। पीईईओ आनंद सिंह पूरा के समस्त कार्मिकों द्वारा भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भामाशाह ताराचंद कसवां ने अपने पौत्र नैतिक के जन्मोत्सव के उपलक्ष में 5100रूपये भेंट किए। संस्था प्रधान बलवंत सिंह सिंहमार ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मघराज हनुमान, हरिसिंह, सुगनाराम, मनीराम, गोपीराम, गुगनराम, नरेंद्र कुमार, रामचंद्र, छोटूराम, कमलेश, पवन कुमार, सांवरमल शर्मा, नंदलाल, परमेश्वर लाल, विजय कुमार, विकास कुमार, फुलाराम, परमेश्वर लाल, हरफल जी ताराचंद रामनिवास ओमप्रकाश आदि एसएमसीए एसडीएमसी सदस्य, अभिभावक तथा अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पेम्स स्मियर कैंप आयोजित



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार सुजानगढ़ महिला मंडल द्वारा वर्ल्ड कैंसर दिवस पर पेम्स स्मियर कैंसर कैंप का आयोजन किया गया। तेरापंथ भवन में आयोजित कैंप का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र से साध्वी श्री प्रज्ञावती ने किया। महिला मंडल की बहनों द्वारा मंगलाचरण किया गया। महिला मंडल अध्यक्ष राजकुमारी भूतोड़िया द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। डिप्टी सीएमएचओ डॉक्टर प्रवीण झुरिया ने अपने भाषण में कहा कि यह टेस्टिंग बहुत ही रेयर होती है और तेरापंथ महिला मंडल सुजानगढ़ ने यह जो कदम उठाया है यह बहुत सराहनीय है। डॉक्टर खुशबू सोनी ने सभी महिलाओं को जागरूक किया और उनको टेस्टिंग करने के लिए प्रोत्साहित किया। आभार ज्ञापन प्रभा कोठारी ने किया। संयोजन प्रचार प्रसार मंत्री अंजू सेठिया ने किया। अतिथियों को शाल पहनाकर और साहित्य भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सभा सदस्य केसरीचंद मालू, लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष कमल तापड़िया, महिला जागृति समिति की अध्यक्षा सुषमा मूंदड़ा, सोना देवी सेठिया की प्रिंसिपल डॉ. साधना सिंह, पूनमचंद फुलफगर, प्रदीप बैद आदि मौजूद रहे। पेम्स स्मियर टेस्टिंग में लगभग 84 बहनों ने लाभ उठाया।

आर्थिक सौजन्य सुराणा फाउंडेशन से सुमेरमल ज सुराणा ने किया। प्रदीप बैद ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया, जिनका सम्मान भी किया गया।

# बिजली उपकरणों से बैटरी चुराने वाला शातिर नशेड़ी चोर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जवाहर नगर थाना पुलिस ने बिजली ट्रांसफार्मर के उपकरणों से बैटरी चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई दो बैटरियां और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस ने बिजली ट्रांसफार्मर के उपकरणों से बैटरी चोरी करने वाले शातिर बदमाश विशाल वर्मा 27 निवासी कालवाड़ रोड को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी स्मैक का नशा करने का आदी है। वह शाम के समय अंधेरे का फायदा उठाकर रेकी करता था और मौका मिलते ही कीमती उपकरण चुरा लेता था। चोरी किए गए माल को वह कबाड़ियों को सस्ते दाम में बेचकर नशे की पूर्ति करता था। आरोपी विशाल वर्मा एक आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ जयपुर के विभिन्न थानों में चोरी और आर्म्स एक्ट के आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। थानाधिकारी महेश चंद्र ने बताया कि 2 फरवरी को कनिष्ठ अभियंता दीपशिखा धाकड़ ने मामला दर्ज करवाया था कि तत्कालेश्वर महादेव मंदिर सेक्टर-2, जवाहर नगरद्ध के पास लगे करीब 8.72 लाख रुपये कीमत के आरएमयू उपकरण से अज्ञात चोर ने दो बैटरियां चुरा ली थीं।

जिससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हुई और राजस्व की हानि हुई। पुलिस ने विद्युत अधिनियम की धारा 136 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जिस पर गठित विशेष टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपित को चिन्हित करते हुए पकडा। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल रामबाबू, कांस्टेबल अशोक कुमार, धर्मपाल और गजानंद की मुख्य भूमिका रही।

# राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर जयपुर में सजेगी शौर्य की महफिल : शर्मा

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान पुलिस के गौरवशाली इतिहास और अटूट अनुशासन का प्रतीक राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस इस वर्ष भी भव्य स्तर पर मनाया जाएगा। आगामी 16 अप्रैल को आयोजित होने वाले इस उत्सव को लेकर पुलिस विभाग में हलचल तेज हो गई है। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने पुलिस मुख्यालय में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। डीजीपी राजीव



शर्मा ने स्पष्ट किया कि स्थापना दिवस केवल एक दिन का आयोजन नहीं होगा, बल्कि सप्ताह भर विभिन्न कार्यक्रमों की धूम रहेगी। बैठक के दौरान राज्य स्तरीय और जिला स्तर के कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा साझा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यक्रम पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार पूर्ण अनुशासन और समन्वय के साथ पूरे किए जाएं। डीजीपी शर्मा ने बताया कि इस उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय परेड में जयपुर में पुलिस बल का शक्ति प्रदर्शन होगा। वहीं सांस्कृतिक संध्या में राजस्थान की संस्कृति और पुलिस बैंड का मनमोहक प्रदर्शन। इसके साथ ही बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और सामयिक विषयों पर सेमिनार सहित पुलिस इकाइयों में सामूहिक प्रीतिभोज यानी बड़ाखाना का आयोजन होगा। 16 अप्रैल को जयपुर में होने वाले मुख्य समारोह के साथ-साथ राज्य की सभी पुलिस रेंजों, जिलों और इकाइयों में भी उत्सव मनाया जाएगा। सफल आयोजन सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं।

डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि सुरक्षा व्यवस्था और गरिमा को बनाए रखते हुए पुलिस की कार्यकुशलता को जनता के सामने प्रभावी ढंग से पेश किया जाए।

# मंदिर परिसर में तोड़फोड़ व मारपीट का आरोप

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय पुलिस थाने में रिपोर्ट देकर सुनील कुमार निवासी बरसी पुलिस थाना भवानीखेडा, जिला भिवानी, हरियाणा हाल पथिक सेवाश्रम सुजानगढ़ ने बताया है कि मैं नया बास में कार्यालय का प्रभारी हूं। पास में स्थित मंदिर में पुजारी नहीं होने कारण में हर दिन की भांति पूजा पाठ कर रहा था। जिसकी तैयारी के लिए मेने मंदिर की सफाई की, उसी समय 2-3 औरत आई और जबरन मंदिर में आकर तिल इत्यादि बिखेर दिया और कहा कि माईक बंद करो। जिस पर मैंने कहा कि एक-दो घंटे लगेंगे, आरती के बाद कर दूंगा। उसके बाद शाम को करीब सवा 6 बजे एक व्यक्ति और उसकी पुत्रवधू आए और आरती बंद करवाकर मंदिर में तोड़फोड़ की और मेरे साथ मारपीट कीए जिससे मुझे चोटें आई। इस पर मैंने संस्था के अध्यक्ष महावीर पोसवाल को बात बताई। उन्होंने अस्पताल ले जाकर पट्टी करवा दी और कहा कि राजीनामा करवा देंगे। लेकिन अगले दिन दामोदर, विकास, मिनाक्षी, अनिता, संजय, रतन, पूसादास, नरेंद्र, विजय, सुलोचना आदि करीब 50-60 लोग आए और मेरे साथ मारपीट की। बीच बचाव करने पर महावीर पोसवाल के साथ भी मारपीट की।

# पर्यटक गाइड्स ने सौंपा 26 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान के पर्यटक गाइड्स की विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को जयपुर शहर के अनुभवी टूरिस्ट गाइड्स के एक प्रतिनिधिमंडल ने पर्यटन आयुक्त रुक्मिणी रियार से मुलाकात कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पर्यटक गाइड्स कल्याण बोर्ड के गठन सहित 26 सूत्रीय मांगों को शामिल किया गया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे टूरिस्ट गाइड वेलफेयर एंड रिफार्म सोसाइटी के संरक्षक रवि शंकर धाभाई ने बताया कि यदि आगामी बजट में पर्यटक गाइड्स की मांगों को शामिल नहीं किया गया, तो जयपुर में एक बड़े आंदोलन की चेतावनी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्यटक गाइड पर्यटन उद्योग की रीढ़ हैं। लेकिन आज उनकी सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा को लेकर सरकारें गंभीर नहीं हैं। धाभाई ने बताया कि वे सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के टूरिस्ट फैसिलिटेटर भी हैं। उन्होंने कहा कि बीते दो वर्षों से राज्य और केंद्र सरकार को लगातार 26 सूत्रीय मांग पत्र भेजकर अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इससे पर्यटक गाइड्स और उनके परिवारों का भविष्य असुरक्षित बना हुआ है। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए राजस्थान पर्यटक गाइड्स कल्याण बोर्ड का गठन करे तथा ठोस नीति बनाकर गाइड्स को आर्थिक सहायता और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करे।

इस मौके पर टूरिस्ट गाइड वेलफेयर एंड रिफार्म सोसाइटी के अध्यक्ष धारा सिंह गुर्जर, प्रदीप चटर्जी, सुदीप चटर्जी, सरला कुमारी, त्रिलोक चंद्र, हरिशंकर मंडुरिया, लोकेश, राजेन्द्र मीणा, उमराव गुर्जर, अजय कुमार दादर, प्रकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में पर्यटक गाइड्स उपस्थित रहे।

# राजस्थान देश का पहला राज्य होगा जहां यूथ क्लब का होगा पंजीयन : पवन

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राज्य सरकार ने बहुत बड़ा कदम उठाते हुए नवीन युवा क्लबों ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के गठन का पंजीयन शुल्क 250 रुपये कर दिया है। जबकि पहले यह पंजीयन दस हजार रुपये में होता था। सभी नवीन युवा क्लबों का पंजीयन राजस्थान संस्था रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1958 के तहत होगा। शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग तथा अध्यक्ष- राजस्थान युवा बोर्ड डॉ. नीरज के. पवन ने बताया कि राजस्थान देश में पहला राज्य होगा। जहाँ यूथ क्लबों का पंजीयन होगा और वह भी 250 रुपये में। इससे प्रदेश के ज़्यादा से ज्यादा युवा खेलों से भी



जुड़ेंगे और अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। डॉ. नीरज के. पवन ने कहा कि पूरे प्रदेश में अब हर स्तर पर यूथ क्लबों का पंजीयन होगा, जिससे प्रदेश में फिट इंडिया की तर्ज पर चलाए जा रहे फिट राजस्थान कार्यक्रम को और अधिक बल मिलेगा। प्रधानमंत्री जिन चार जातियों की बात करते हैं उसमें से एक जाति युवा है।

उन्होंने कहा कि इस कदम से न केवल युवाओं को अपने क्षेत्र में खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें समाज सेवा में भी जुड़ने का मौका मिलेगा। यूथ क्लबों के माध्यम से युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। डॉ. नीरज के. पवन ने बताया कि यूथ क्लबों के गठन से प्रदेश में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा, जिससे राजस्थान विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने बताया कि यूथ क्लबों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़कर उन्हें मजबूत बनाया जाएगा, जिससे वे अपने क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। उन्होंने बताया कि यूथ क्लबों के लिए विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम भी आयोजित किए जाएंगे, जिसमें उन्हें नेतृत्व क्षमता, टीम वर्कए और सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। डॉ. नीरज के. पवन ने सभी ज़िला परिषद सीईओ के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भी बैठक की और उसमें भी बताया था कि राज्य के युवाओं को सशक्त करने के लिए राज्य की समस्त जिले, ब्लॉक, ग्राम पंचायत एवं नगर निगम, नगर परिषद नगर पालिकाएँ के समस्त वार्डो में यूथ क्लबों का गठन किया जा रहा है।

# चयन स्पर्धा 7-8 एवं 9 फरवरी से

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जिला खेल अधिकारी सीकर प्रकाश राम ने बताया कि राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद जयपुर के निर्देशानुसार सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में खेल अकादमी, खेल संस्थान में प्रवेश के लिए चयन स्पर्धा 2026-27 का आयोजन किया जा रहा हैं जिसके अन्तर्गत जिला स्टेडियम सीकर में नवनिर्मित बास्केटबॉल अकादमी एवं ग्राम कोलिड़ा में नवनिर्मित फुटबॉल अकादमी के लिए भी चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा हैं। बास्केटबॉल खेल बालक वर्ग में 7 से 8 फरवरी तक एवं फुटबॉल खेल बालक वर्ग में 8 से 9 फरवरी तक सीकर जिले से उक्त दोनों खेलों का चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भाग लेने वाले खिलाड़ी की आयु 12 से 16 वर्ष हैं तथा इसके अलावा राजस्थान का मूल निवासी होना चाहिए। खिलाड़ी को आवेदन पत्र ऑनलाईन डाउनलोड कर या चयन प्रक्रिया स्थान पर मूल भी ले जाया जा सकता हैं।

# यूजीसी के विरोध में स्वर्ण समाज मुखर, बताया काला कानून

हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिले के स्वर्ण समाज ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं जैन की ओर से बुधवार को शहर के पीरू सिंह सर्किल स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में यूजीसी एक्ट के विरोध में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक डॉ मूल सिंह शेखावत ने यूजीसी कानून को काला कानून बताते हुए कहा कि यह स्वर्ण समाज के विद्यार्थियों के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। डॉ शेखावत ने कहा कि स्वर्ण समाज सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यूजीसी कानून पर दिए गए स्थगन आदेश का स्वागत करता है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि वह अपने जवाब में इस कानून को पूरी तरह वापस ले। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर हिंदू एकता की बात की जाती है वहीं दूसरी ओर यूजीसी एक्ट के माध्यम से हिंदू समाज को जातियों में बांटकर समाज में नफरत का बीज बोया जा रहा है। स्वर्ण समाज समन्वयक उमाशंकर महमिया ने




कहा कि स्वर्ण समाज ने हमेशा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की परंपरा निभाई है, इसके बावजूद उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है। यूजीसी कानून का दुष्प्रभाव सभी वर्गों पर पड़ेगा, जिससे शिक्षा का स्तर गिरेगा। उन्होंने कहा कि इस कानून से विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता समाप्त होगी तथा शिक्षकों के अधिकारों और विद्यार्थियों की स्वतंत्रता पर कुठाराघात होगा। वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष नरेश परशुरामपुरिया ने कहा कि यूजीसी कानून सामाजिक न्याय की मूल भावना और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा प्रहार है। सनातन भारत संघ के अध्यक्ष मनोहर सिंह घोड़ीवारा ने कहा कि यूजीसी एक्ट के माध्यम से स्वर्ण समाज को शिक्षा और रोजगार से वंचित करने का षड्यंत्र किया जा रहा है, जिसके विरोध में स्वर्ण समाज को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। प्रेस वार्ता में विप्र फाउंडेशन संरक्षक राजेन्द्र जोशी, गौड़ समाज के कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रदीप शर्मा अलसीसर, विफा संरक्षक एडवोकेट सुशील जोशी, विफा संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, विफा जिला महामंत्री वशिष्ठ शर्मा, पुजारी महासंघ जिलाध्यक्ष विनोद पुजारी, अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष कैलास सिंघानिया, वैश्य जिला उपाध्यक्ष रघुनाथ पोद्दार, जैन समाज अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर जैन, महाराव शेखान शेखा संस्थान अध्यक्ष जगदीश सिंह नांद, विफा जिला मंत्री रमेश चौमाल सहित स्वर्ण समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# आरोग्यम-सवाईकल कैंसर जांच शिविर आयोजित

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा श्री संघ ओसवाल पंचायत भवन तारानगर;चूरूद्ध में आयोजित आरोग्यम-सवाईकल कैंसर जांच शिविर का शुभारम्भ भाजपा नेता राकेश जांगिड ने किया। जांगिड ने तेरापंथ महिला मंडल तारानगर का आभार व्यक्त करते कहा कि आपके द्वारा शुरू की गई यह पहल कैंसर के शीघ्र निदान, जागरूकता और समय पर उपचार प्रदान कर लोगों के जीवन में आशा का संचार करेगीएयह नेक प्रयास चिकित्सा को सुलभ




बनाकर समाज को स्वस्थ और जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। मुफ्त कैंसर जांच शिविर के सफल आयोजन के लिए समर्पित डॉक्टरों, आयोजक तेरापंथ महिला मंडल और वॉलंटियर्स का जांगिड ने हार्दिक आभार व्यक्त किया । तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्ष संतोष डागा, जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा अध्यक्ष मनोज चोरड़िया, बीसीएमओ डॉ. महेंद्र नायक, डॉ. मनीष राज, डॉ. तृप्ति मील, डॉ स्नेहलता शर्मा, कमल हंसावत, ज्योति श्यामसुखा, श्रेणु बोथरा, श्मोनिका खटेड़, दीप्ति बोथरा, मंत्री पवन धाडेवा, राजेंद्र बोथरा, अभय कुमार बरडिया, मांगीलाल बीरमेचा, मनीष बोथरा तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष मोहित बरडिया, उदय राज चोरड़िया, हितेन डागा साहित अनेक लोग उपस्थि थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190